हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 21 जून 2024
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]


# KALINGA UNIVERSITY

RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited
NIRF 2023: Ranked in Top 101-150 Universities | 50+ Acre Campus | World Class Infrastructure | 8000+ Students from 25+ Countries | Top Placements & Internships



## D.PHARMACY
## B.PHARMACY
## PHARM.D
## B.PHARMACY PRACTICE
## M.PHARMACY

(Pharmacology / Pharmaceutics / Pharmaceutical Chemistry)

**Approved by the Pharmacy Council of India**

## OTHER PROGRAMS

**ENGINEERING**
Diploma | B.Tech | M.Tech

**LAW**
BA LLB | BBA LLB | LLB | LLM

**LIBRARY SCIENCE**
B.Lib. | M.Lib.

**ARTS & HUMANITIES**
BA | BA (J&MC) | BSW
MA | MA (J&MC) | MSW

**EDUCATION**
B.P.Ed. I MA.(P.Ed.)
B.Ed. | MA.Ed.

**INFORMATION TECHNOLOGY**
DCA | PGDCA | BCA | MCA

**DESIGN**
Bachelor of Fashion Design
Bachelor of Interior Design
Master of Fashion Design
Master of Interior Design

**SCIENCE**
B.Sc. - ZBC / PCM | B.Sc. / M.Sc. - (Biotechnology / Bioinformatics / Biochemistry / Microbiology )
M.Sc. - (Physics / Chemistry / Mathematics / Zoology /Botany)

**MANAGEMENT**
BBA | MBA

**RESEARCH**
Ph.D.

**COMMERCE**
B.Com. | B.Com Hons. with CA / CS / ICWA Coaching
B.Com. Hons. (Taxation & GST)
B.Com. Hons. (Banking & Finance)
M.Com. | M.Com. (Banking & Finance)

**YOGA**
Diploma I B.Sc.
PG Diploma I M.Sc.

## NEW AGE PROGRAMS

B.TECH CS in **AI & ML**
In collaboration with IBM Innovation Centre for Education

B.DESIGN & M.DESIGN in **User Experience (UX)**

BA & MA in **Film Making**
In collaboration with

Master of **Data Science**

Bachelor / Master of CS in **AI & ML and Cyber Security**

Bachelor / Master in **Animation &VFX**

B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**

## ADMISSIONS OPEN 2024-25!

### Career Opportunities:
- Clinical Pharmacist
- Pharmaceutical Research Scientist
- Regulatory Affairs Officer
- Pharmaceutical Sales Representative
- Hospital Pharmacist
- Community Pharmacist
- Pharmaceutical Consultant
- Drug Safety Specialist
- Quality Control/Quality Assurance Officer

### Why Choose Kalinga University?
- Well Designed CIF & Labs
- Experienced Faculty
- State-of-the-Art Facilities
- Industry-Relevant Curriculum
- Creative Environment
- 100% Career Opportunities
- Startup Opportunities

**Hostel & Transport facilities available on first come, first serve basis.**

**OUR TOP RECRUITERS**
Cipla | Mankind Serving Life | Glenmark A new way for a new world | Dr.Reddy's | Apollo Pharmacy | Biocon
And Many More....

**+91-9907252100**
www.kalingauniversity.ac.in admissions@kalingauniversity.ac.in
**Campus:** Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
**City Office:** 1st Floor, SLT Water Front, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001
**Bhilai Office:** 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Scan the QR code to register for our entrance examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

## निधन



### चम्पा देवी शुक्ला

बिलासपुर। गंगा नगर निवासी चम्पा देवी शुक्ला का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 जून को सुबह 10 बजे सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मनोज, विनोद, सुशील एवं प्रदीप शुक्ला की माता थीं।



### विजय शर्मा

बिलासपुर। अशोक नगर सशिमं के प्राध्यापक शक्ति विहार चौबे कालोनी निवासी विजय शर्मा का 20 जून को निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में 21 जून को सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे दिलीप शर्मा, प्रदीप दुबे, अजय शर्मा के भाई एवं ओम श्रुति के पिता थे।



### अरविंद लाडिया

बिलासपुर। गीतांजलि सिटी फेस 2 बहतराई निवासी अरविंद लाडिया का 20 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 जून शुक्रवार को सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अजय, अमर, आशीष लाडिया के पिता थे।



### ठगिया बाई साहू

बिलासपुर। तखतपुर के कोड़ापुरी निवासी ठगिया बाई साहू का निधन हो गया। वे 76 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। वे विजय कुमार, जय कुमार, भगवती व लेखनी साहू की माता थीं।



### ओंकारमल अग्रवाल

लोरमी। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी ओंकारमल अग्रवाल का 86 वर्ष की उम्र में 20 जून को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को सुबह 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे राकेश, सुशील, डा. अशोक अग्रवाल एवं अरुण के पिता थे।

# आज के बच्चे कल के भविष्य, बढ़ाएं उनका उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलतरा

क्षेत्र में स्थित मॉडर्न पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुशांत शुक्ला थे।

■ प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक शुक्ला

साथ में अशासकीय शिक्षण संस्था संघ बिलासपुर के अध्यक्ष डॉ एकता शुक्ला, उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, सचिव किरीत राम पटेल, सह सचिव इदरीश खान, कोषाध्यक्ष एमएल जायसवाल उपस्थित थे।



विधायक शुक्ला का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान करते शिक्षक।

विधायक श्री शुक्ला ने कहा कि छात्र छात्राओं को प्रोत्साहन करने का उद्देश्य होनहार छात्र-छात्राओं को सही स्थान तक पहुंचाना होता है और यह कार्य शिक्षक ही कर सकते हैं। पुरस्कृत हुए छात्र छात्राओं में 10 वीं श्रेयस कश्यप 94.3% अंक के साथ प्रथम स्थान, समीर कश्यप 93.1%, प्रियांशी कोरी 86.1%, दूसरा और तीसरा स्थान, 12 वीं अंकना वैष्णव 82%, रानी भारद्वाज 81% प्राप्त कर पहला और दूसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर स्कूल अध्यक्ष रजनी देवी कोरी, प्राचार्य केशव कोरी, शिक्षक देवी प्रसाद, संजीवनी चंदेल, भरत लाल कश्यप सरपंच ग्राम पंचायत नेवसा शंकर दयाल शुक्ला उप सरपंच उपस्थित थे। कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। आगामी जब भी ऐसा कार्यक्रम होगा तो हम हमेशा बच्चों को सम्मानित करते रहें। इस अवसर पर विधायक ने अतिरिक्त कक्ष का उद्घाटन भी किया।

# बेलतरा विधानसभा की मूलभूत समस्याओं को लेकर गरजीं स्मृति



बिलासपुर। जिला पंचायत की सामान्य सभा में जिपं सदस्य एवं जिला योजना समिति की सदस्य स्मृति त्रिलोक विकास ने बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के बेलतरा पंचायत आश्रित ग्राम बरभाठा के पहुंच मार्ग को पीएम ग्राम सड़क योजना से डामर रोड बनवाने, कछार से लछनपुर मार्ग का निर्माण कार्य चालू करवाने, बांका में पुल निर्माण, विभिन्न ग्रामों में हैंडपंप खनन, बिजली कटौती सहित अनेक समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और कार्यों को लेट करने पर अधिकारियों पर अपनी नाराजगी भी व्यक्त की। उन्होंने स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत संबंधी समस्या, निर्माण एवं अन्य दर्जनों मांगों को जिला पंचायत सामान सभा से पारित करवाया। अधिकारियों ने स्मृति त्रिलोक श्रीवास को आश्वस्त कराया कि उनके द्वारा प्रस्तावित वर्तमान एवं पूर्व में रखे गए संबद्ध समस्त प्रस्तावों को राज्य शासन के पास भेजा जा चुका है। आधे कार्य स्वीकृत हो चुके हैं आधे निकट भविष्य में स्वीकृत होकर निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएंगे।

# विरासत साहित्य कला मंच का जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह

पेंड्रा। जिला विरासत साहित्य कला मंच के तत्वाधान में दसवीं व बारहवीं के जिन बच्चों ने 80 प्रतिशत से उपर अंक अर्जित किए हैं उनको प्रशस्ति पत्र व मैडल देकर मंच से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में जिले के राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर जिले का गौरव बढाने वाले 15 खिलाडियों व 5 दिव्यांग तैराकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान 16 स्थानीय लोक कलाकारों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रणव कुमार मरपच्ची विधायक मरवाही ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल ने बच्चों का मार्गदर्शन कर उन्हें प्रेरित किया। जिला शिक्षा अधिकारी जेके शास्त्री ने कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य है, यह सम्मान उनके



लिऐ एक ईंधन का काम करेगी। इस दौरान कुडकई सरपंच जागेश्वरी सुंदर भारिया, कुबेर सराटी, सीमा डेविड जिला क्रीडा अधिकारी, लालजी यादव, तीरथ बडगैया, कीर्ति कश्यप, संजय वर्मा, प्रकाश रैदास, सरस्वती यादव, राकेश चौधरी, दिनेश राठौर, परसराम चौधरी, ओमप्रकाश सोनवानी, पीयूष गुप्ता आदि उपस्थित थे।




# प्रत्येक थाने में होगी महिला विवेचक की पदस्थापना: शुक्ला

पेंड्रा। बिलासपुर आईजी डॉ संजीव शुक्ला गुरुवार को गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के एक दिन के दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने निर्माणाधीन एसपी कार्यालय सहित वर्तमान में संचालित हो रहे एसपी कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी भावना गुप्ता, एडिशनल एसपी ओम चंदेल, डीएसपी निकिता तिवारी, एसडीओपी दीपक मिश्रा सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

■ आईजी ने किया जीपीएम जिले का दौरा

उन्होंने कहा कि एक जुलाई से नया कानून संहिता लागू हो रहा है। जिसके अंतर्गत महिला से संबंधित अपराध की कायमी और विवेचना महिला प्रधान आरक्षक या उससे वरिष्ठ पद की महिला पुलिस अधिकारी के द्वारा की जाएगी। ऐसे में प्रत्येक थाने में एक महिला विवेचक की पदस्थापना अनिवार्य रूप में किए जाने की व्यवस्था की जा रही है। बलौदाबाजार की घटना को लेकर कहा कि वहां की घटना अपवाद स्वरूप थी और कुछ घटनाएं अपराध स्वरूप हो जाती है। नहीं तो छत्तीसगढ़ का लॉ एंड आर्डर अच्छा है और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला अनुसूचित जनजाति बाहुल्य जिला है। आईजी ने जिले की आबोहवा की तारीफ करते हुए अपने पूर्व में यहां व्यतीत किए गए समय को याद करते हुए कहा कि पुराने जिलों की तुलना में इस नए जिले में इन्फ्रास्टक्रचर बेहतर तरीके से हुआ है और पुलिस विभाग के आवश्यक कार्यालयों के लिए जमीन आबंटन हो चुका है और अगले एक साल में सभी कार्यालय बन भी जाएंगे। आईजी ने अधिकारियों को जिले के संदर्भ में आवश्यक निर्देश भी दिए। आईजी ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट का वितरण भी किया। साथ ही पुलिस की पाठशाला क़े छात्रों से मुलाक़ात भी की। इसके अलावा एनसीसी एवं स्काउट गाइड के छात्रों को सम्मानित भी किया।



## विश्व योग दिवस पर विशेष...

# नियमित करें योग, रहें हमेशा निरोग

"स्वयं और समाज के लिए योग" थीम के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 मनाया जाएगा। हर साल 21 जून को पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए एक साथ आता है। यह वैश्विक परिघटना प्राचीन भारतीय योग पद्धति तथा शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण पर इसके गहन प्रभाव को मान्यता देती है। योग शब्द संस्कृत शब्द "युज" से निकला है, जिसका अर्थ है "जोड़ना" या "एकजुट करना", तथा यह मन, शरीर और आत्मा में सामंजस्य लाने के दर्शन का प्रतीक है। यह केवल शारीरिक आसनों से कहीं अधिक है, क्योंकि यह स्वास्थ्य के प्रति एक समग्र दृष्टिकोण है, जो श्वास व्यायाम, ध्यान और नैतिक सिद्धांतों को एकीकृत करता है। योग शास्त्रों के अनुसार योग का अभ्यास व्यक्तिगत चेतना को सार्वभौमिक चेतना के साथ जोड़ता है, जो मन और शरीर, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस योग के अनेक लाभों के बारे में दुनिया भर में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। यह उस प्राचीन भारतीय प्रथा को मान्यता देने का दिन है, जो मानसिक और शारीरिक कल्याण पर केंद्रित है। **योग दिवस मनाने के पीछे के कारणों का विवरण इस प्रकार है:** -प्राचीन परंपरा: योग एक ऐसी प्रथा है,



जिसकी उत्पत्ति हजारों वर्ष पहले भारत में हुई थी। इसे मनाने से इसके ऐतिहासिक महत्त्व को स्वीकार किया जाता है। -समग्र स्वास्थ्य: योग शारीरिक व्यायाम से कहीं आगे जाता है। इसमें मानसिक और आध्यात्मिक पहलुओं को सम्मिलित किया गया है, तथा समग्र कल्याण की भावना को बढ़ावा दिया गया है। -वैश्विक अपील: हाल के दिनों में योग की लोकप्रियता दुनिया भर में काफी बढ़ गई है। यह दिन इसकी सार्वभौमिक स्वीकृति का जश्न मनाता है। सितंबर 2014 में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) को संबोधित किया। अपने भाषण के दौरान उन्होंने प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा। योग क्या है? योग को अलग-अलग नामों से पुकारा जाता है। इसे प्राणायाम, योग भी कहते हैं। योग योग की एक शाखा है। एक आध्यात्मिक प्रक्रिया जहां शरीर, मन और आत्मा संयुक्त होते हैं (योग)) यह शब्द हिंदू धर्म, जैन धर्म और बौद्ध धर्म में ध्यान की प्रक्रिया से संबंधित है। योग एक संस्कृत शब्द है जो युज से आया है, जिसका अर्थ है इकट्ठा होना, बांधना। योग अब चीन, जापान, तिब्बत, दक्षिण पूर्व एशिया और श्रीलंका के साथ-साथ भारत से बौद्ध धर्म में फैल गया है, और इस समय पूरे सभ्य दुनिया में लोग इससे परिचित हैं। योग व्यायाम के लाभ: योग करने के कई फायदे हैं। जहां सिर्फ जिम करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है, वहीं योग हमारे शरीर के साथ-साथ दिमाग को भी स्वस्थ बनाता है। एरोबिक्स या योग के कुछ लाभ: **1. मन की शांति:** योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। चिकित्सा अनुसंधान से पता चला है कि योग शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाता है, भूख और पाचन को बढ़ाता है। यह दिमाग को हमेशा शांत रखता है। **2. तनाव मुक्त जीवन:** यदि आप योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करते हैं तो आप तनाव मुक्त जीवन जी सकते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि आज हर दूसरा व्यक्ति तनाव में है। **3. शरीर की थकान:** जब हम योग करते हैं तो मांसपेशियों में खिंचाव, मरोड़ और खिंचाव जैसी कई क्रियाएं होती हैं। इससे हमारे शरीर की थकान दूर होती है और हम हमेशा तरोताजा महसूस करते हैं। यदि आप नियमित रूप से योग करते हैं तो आपके शरीर में ऊर्जा का संचार होगा। **4. रोग मुक्त शरीर:** योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है, क्योंकि यह हमें रोगों से लड़ने की शक्ति देता है। ह्रदय रोग, मधुमेह और अस्थमा जैसी कई अन्य बीमारियों के लिए योग की सलाह दी जाती है। योग रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है और श्वसन संबंधी विकारों को भी दूर करता है। इसलिए अगर आप रोजाना योग करेंगे तो आप स्वस्थ रहेंगे। **5. वजन पर काबू:** दुनिया की अस्सी प्रतिशत आबादी मोटापे से ग्रस्त है। हालांकि योग को अपनी जीवनशैली में शामिल करके हम मोटापे को नियंत्रित कर सकते हैं। योग करने से शरीर लचीला बनता है। यह हमारी मांसपेशियों को मजबूत करता है और शरीर से अतिरिक्त चर्बी को कम करता है। यह हमारे पाचन तंत्र को भी मजबूत करता है। योग फिट रहने का एक बेहतरीन तरीका है।















हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 21 जून 2024
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.8 डिग्री



राम सेतु में इन दिनों मवेशियों का जमावड़ा लग रहा है। यहां से गुजरने वाले वाहन चालक अक्सर इनकी चपेट में आ जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री साहू का आज जगह-जगह होगा स्वागत



**बिलासपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू 21 जून को शहर में आयोजित विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस दौरान उनका जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। वे सुबह 7 बजे बहतराई स्टेडियम में आयोजित योग कार्यक्रम में योगाभ्यास करेंगे। 8 बजे नया सर्किट हाउस प्रस्थान करेंगे। 11 बजे अशोक नगर चौक पर पार्षद ओम प्रकाश पाण्डेय उनका अभिनंदन करेंगे। वहीं 11.10 बजे रीनिज होटल के सामने डडसेना कलार विकास समिति द्वारा अभिनंदन समारोह होगा। 11.20 बजे साइंस कालेज चौक पर अभिनंदन समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद 11.30 बजे बहतराई चौक पर, 11.40 बजे सूर्या चौक पर पटवारी प्रशिक्षण केंद्र के सामने उनका स्वागत किया जाएगा। इसी तरह 11.50 बजे बसंत विहार चौक पर उनका अभिनंदन होगा। वे दोपहर 12 बजे एसईसीएल परिसर रविन्द्र भवन में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में शामिल होंगे। शाम 4.30 बजे से 6.30 बजे तक मंगल भवन, अटल चौक गतौरा में आयोजित अभिनंदन समरोह में शामिल होंगे। 6.45 से रात 8 बजे तक बीपी सिंह के निवास गदा चौक देवरीखुर्द में जनसंपर्क कर रात्रि भोज मे शामिल होंगे। रात 9 बजे नया सर्किट हाउस में विश्राम करने प्रस्थान करेंगे।

### लॉ कॉलेज में ग्रंथागार का उद्घाटन आज

**बिलासपुर।** डीपी विप्र विधि महाविद्यालय अशोक नगर में शुक्रवार को नवनिर्मित ग्रंथागार का उद्घाटन किया जाएगा। इस दौरान पुस्तक विमोचन भी किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर विधायक अमर अग्रवाल करेंगे। इसके साथ ही विशिष्ठ अतिथि के रूप में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला और महाविद्यालय प्रशासन समिति के अध्यक्ष अनुराग शुक्ला होंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अन्नूभाई सोनी ने बताया कि नवनिर्मित ग्रंथागार का उद्घाटन शाम 5 बजे किया जाएगा। इस ग्रंथालय में कॉलेज के छात्रों के साथ ही अन्य विद्यार्थियों को भी पठ्न-पाठ्न की सुविधा मिले ऐसे महाविद्यालय प्रबंधन ने मंशा जताई है।

### आज से विद्युत दफ्तर का घेराव करेंगे कांग्रेसी

**बिलासपुर।** अनावश्यक बिजली कटौती व बिजली दर में की जा रही वृद्धि के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी के नेतृत्व में शुकवार से विद्युत कार्यालयों का घेराव कर हल्ला बोल प्रदर्शन किया जाएगा। श्री केशरवानी ने सभी ब्लाक अध्यक्षों को अपने-अपने विधानसभा में आने वाले सभी ब्लाकों में स्थित बिजली दफ्तरों का घेराव करने और आपूर्ति व्यवस्था बनाए रखने दबाव बनाने कहा है। शुकवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी की अगुवाई में तिफरा स्थित सीएसईबी मुख्यालय का घेराव किया जाएगा। तिफ़रा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के बैनर तले पदाधिकारी व कांग्रेसजन सुबह 10.30 बजे दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास इकट्ठा होंगे। वहां से रैली निकालकर सीएसईबी मुख्यालय पहुंचकर मुख्य कार्यालय के मेन गेट पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

### तापमान 32 डिग्री पहुंचा 25.6 मिमी हुई बारिश

**बिलासपुर।** जिले में प्री-मानसून एक्टिव हो चुका है। गुरूवार को सुबह झमाझम बारिश हुई। इसके चलते वातावरण में नमी आने के साथ ही अधिकतम पारा सामान्य से 4.7 डिग्री कम दर्ज किया गया। गुरूवार को शहर का अधिकतम तापमान 32 डिग्री रिकार्ड हुआ।

# विजिबिलिटी कम होने से 45 मिनट हवा में रहे यात्री, घंटेभर बाद हुई लैंडिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा एयरपोर्ट को लेकर प्रबंधन द्वारा स्पेशल वीएफआर परिचालन का दावा उस समय गलत साबित हुआ जब प्रयागराज की फ्लाइट का एयरपोर्ट एटीसी टॉवर से सिंगल ब्रेक होता रहा और पायलट ने फ्लाइट को रायपुर की ओर मोड़ दिया। करीब 45 मिनट तक यात्री हवा में रहे। बारिश का घनत्व कम होने के बाद बिलासपुर में फ्लाइट को लैंड कराया गया।

गुरूवार को हुई झमाझम बारिश के बाद एक बार फिर एयरपोर्ट में फ्लाइट की लैंडिंग बाधित हुई। करीब एक घंटे की देरी के बाद फ्लाइट को लैंड कराया गया। इस दौरान फ्लाइट को रायपुर भेजने की नौबत आ गई थी और करीब 45 मिनट तक यात्री से भरी फ्लाइट हवा में उड़ती रही। दरअसल गुरूवार को प्रयागराज से बिलासपुर की फ्लाइट सुबह 11.25 बजे लैंड की जानी थी, लेकिन इस दौरान शहर सहित जिले में झमाझम बारिश हो रही थी, ऐसे में विजिबिटी पूरी तरह से बाधित थी।

बारिश के दौरान विजिबिलिटी नहीं होने के कारण एटीसी और पायलट का संपर्क बाधित हो रहा था, जिसके चलते लैंडिंग कराने में दिक्कत आती रही। ऐसे में पायलट ने लैंडिंग के लिए यात्रियों से भरी फ्लाइट को रायपुर की ओर मोड़ दिया। लेकिन रायपुर में भी लैंडिंग करने में दिक्कत आई, जिसके बाद दोबारा बिलासपुर से संपर्क कर दोपहर 12.30 को बिलासा एयरपोर्ट पर लैंड कराया जा सका। गौरतलब है कि बिलासपुर में सुरक्षित लैंडिंग और टेकऑफ के लिए कुछ माह पहले ही स्पेशल वीएफआर एप्रोच शुरू किया गया है। एयर स्पेश मैंनजमेंट के अनुमोदन के बाद 12 अप्रैल को बोर्ड ने एप्रोच कंट्रोल यूनिट के लिए एटीसी को सक्षम पाया गया और अधिकारियों ने दावा किया था कि न्यूनतम दृश्यता 5000 मीटर से घटकर 2800 मीटर हो गई। साथ ही इसके लिए वायु यातायात नियंत्रण अधिकारी की नियुक्ति की गई है और उन्हें स्पेशल ट्रैनिंग भी दिलाई गई लेकिन इसके बावजूद बिलासा एयरपोर्ट में लैंडिंग और टेकऑफ कराना अधिकारियों के लिए टेढ़ी खीर बन चुकी है।

### रायपुर में नहीं उतरा विमान




### डीवीओआर और एचपीडीएमई उपकरण की जरूरत

जानकारों के अनुसार एयरपोर्ट में बार बार लैंडिग और टेकऑफ में हो रही बाधा के लिए डीवीओ आर और एचपीडीएमई उपकरण की कमी बताया जा रही है। नेविगेशन और नाइट लैंडिंग के लिए दोनों ही उपकरण की जरूरत पड़ती है, और उपकरण लगाने से पहले रनवे की लंबाई और चौड़ाई भी बढ़ाई जानी है लेकिन एएआई और डीजीसीए के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे पाए हैं। यह मामला पिछले 2 सालों से चल रहा है, फंड आबंटन में राज्य सरकार पीछे है और एविएशन के अधिकारी काम नहीं कर पा रहे है। हाल ही में हाईकोर्ट की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार को इस बारे में जानकारी देने के लिए दो दिनों की मोहलत दी है।

### बारिश के कारण दिक्कत

फ्लाइट बिलासपुर में ही लैंड कराई गई है, बारिश के कारण दिक्कत हुई होगी। मैं मीटिंग में था इसलिए लैंडिग का समय नहीं बता सकता हूं।

**-एनबी सिंह**, डायरेक्टर, बिलासा एयरपोर्ट



### ये कैसी आस्था

### 70 नालियों के गंदे पानी के साथ पालिथिन में भरकर बहा रहे पूजा सामग्री

**बिलासपुर।** अरपा नदी में एक ओर शहर के 70 से अधिक नाले-नालियों का गंदा पानी जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर आस्था के रूप में पॉलिथिन में भरकर पूजा-प्रतिष्ठा की सामग्री को भी इसी में विसर्जित किया जा रहा है। उसके कचरे से अरपा पट गई है। इसके अलावा नदी में जहां पानी है, वहां जलकुंभी ने अपना कब्जा जमाया है। हाईकोर्ट बार-बार नदी को स्वच्छ और साफ करने जिला प्रशासन को निर्देश दे रही है। लेकिन हो कुछ नहीं रहा। निगम ने 13.50 लाख रूपए प्रति माह किराए पर पुणे से जलकुंभी साफ करने बीड हार्वेस्टिंग मशीन भी मंगाई थी। नदी को प्रदूषण से मुक्त करने 285 करोड़ का प्लान भी तैयार किया। इसके बाद भी अरपा मैली ही है। बारिश करीब है इसके बाद भी नदी की सफाई को लेकर प्रशासन सजग नहीं है। इनदिनों शनिचरी रपटा पुल के पास पॉस्टिक के पॉलिथिन में आस्था का कचरा जमा है। लेकिन इसकी भी सफाई नहीं की जा रहा है।

## लाखों क्विंटल चावल की हो रही अफरा-तफरी

# सैकड़ों मृत हितग्राहियों के नाम से निकाल रहे राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मृत लोगों के नाम राशन कार्ड से नहीं काटे जा रहे हैं और सालों से इनके नाम पर खाद्य वितरण का खेल खाद्य अधिकारी कर रहे हैं। केवाईसी कराने के बाद भी इन मृतकों के नाम से राशन उठाव हर महीने किया जा रहा है। अब खाद्य अधिकारियों द्वारा कहा जा रहा है कि ई केवाईसी के बाद जब राशन कार्ड में शामिल सभी सदस्यों का थंब लिया जाएगा तो स्थिति स्पष्ट होगी और मृतकों के नाम काटे जाएंगे। जिले में ऐसे हितग्राहियों की संख्या हजारों में होगी। दूसरी ओर जिले में अभी भी करीब 64 हजार राशन कार्डधारकों ने नवीनीकरण नहीं कराया है और ना ही इसके लिए आवेदन दिया।



- जिले में अभी भी करीब 64 हजार राशन कार्डधारकों ने नवीनीकरण नहीं कराया

इसमें एपीएल के 35 हजार कार्डधारी नवीनीकरण नहीं करा रहे हैं। खाद्य अधिकारियों का मानना है कि इनमें से कई लोग पलायन कर चुके हैं तो कईयों का निधन हो चुका है। खाद्य विभाग का खेल निराला है। एपीएल कार्ड बीपीएल में बदल रहे हैं तो जिंदा लोगों के नाम राशन मिलने वाली सूची से गायब किए जा रहे हैं। मृतकों के नाम चावल निकाला जा रहा है और यह महीनों नहीं सालों से हो रहा है। खास तौर पर शासकीय उचित मूल्य दुकानों में भी विक्रेता मनमानी और गड़बड़ी कर रहे हैं। कई तरह की शिकायतें आ रही है लेकिन न तो जांच की जा रही है न ही कार्रवाई। कुछ दिन पहले बिल्हा ब्लाक के पेंडरवा गांव के लोगों ने ग्रामीणों कलेक्टर से शिकायत कर बताया कि गांव में मृत व्यक्तियों के नाम पर राशन आवंटन किया जा रहा है लेकिन वहीं कई कार्डधारियों को आज तक चावल नहीं दिया जा रहा है। कई लोगों को कम चावल मिल रहा है। गांव के ही कई लोगों की मौत तीन साल पहले हो चुकी है लेकिन अभी भी उनके नाम पर राशन निकालकर गबन किया जा रहा है।

### बीपीएल कार्डधारियों का नवीनीकरण पूरा

खाद्य नियंत्रक अनुराग सिंह भदौरिया के मुताबिक आवेदनों की संख्या के हिसाब से देखा जाए तो बिलासपुर में नवीनीकरण का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। जिले में कुल 5 लाख 38 हजार 311 राशन कार्डों में से 4 लाख 75 हजार 40 कार्डों का नवीनीकरण हो चुका है जो कि कुल राशन कार्ड का 88.28 प्रतिशत है। खास तौर पर बीपीएल कार्डधारियों का नवीनीकरण पूरा कर लिया गया है। बीपीएल के तीन लाख 90 हजार 843 काडधारियों में से तीन लाख 75 हजार कार्डों का नवीनीकरण कर लिया गया है। इसी तरह एपीएल की बात करें तो एपीएल कार्डधारी 69 हजार 663 हैं। इसमें से 35 हजार लोगों ने तो आवेदन तक नहीं किया है। अंत्योदय राशन के 94 हजार 764 कार्डधारी और निराश्रित के तीन हजार 774 कार्डधारियों का भी नवीनीकरण लगभग पूरा कर लिया गया है।

### थंब इंप्रेशन से साफ होगी स्थिति

ई केवाईसी के बाद जब राशन कार्ड में शामिल सभी सदस्यों का थंब इंप्रेशन लिया जाएगा तो स्थिति स्पष्ट होगी। कई हितग्राही खुद ही मृत रिश्तेदारों की जानकारी दे देते हैं। राशन दुकानदारों और इंस्पेक्टरों के माध्यम से भी रिपोर्ट तैयार की जाती है।

**- अनुराग सिंह भदौरिया,** खाद्य नियंत्रक

**केस 1**

मस्तूरी ब्लाक के ग्राम दर्राभाठा से मृतकों के नाम पर महिला स्व सहायता समूह द्वारा राशन घोटाला करने की शिकायत आई थी। ग्रामीणों की शिकायत के अनुसार गांव के 7 लोगों की मौत सालों पहले हो गई है, लेकिन समूह द्वारा चावल उठाया जा रहा था।

**केस 2**

बेलतरा उचित मूल्य दुकान से शिकायत आई थी। जांच में यह बात सामने आई कि प्रबंधक, पूर्व प्रबंधक विक्रेता कई माह तक नौ मृत हितग्राहियों के नाम पर राशन का गोलमाल करते रहे लेकिन चावल का उठाव किया।

**केस 3**

कोटा ब्लाक के बानाबेल के ग्रामीणों ने उचित मूल्य दुकान के विक्रेता के खिलाफ मृतकों के नाम पर राशन घोटाला करने की शिकायत की थी। बताया गया कि बैगा और 9 हितग्राहियों की मौत पहले ही हो चुकी है लेकिन उनके नाम पर राशन निकाला जा रहा है।

### तखतपुर में हुआ था राशन घोटाला

दरअसल खाद्य विभाग की मिलीभगत से शासकीय उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं द्वारा मृतकों के नाम पर राशन घोटाला किया जा रहा है। चूंकि अधिकारियों को यह सब पता होता है इसलिए वे शिकायत के बाद भी जांच नहीं करते। जांच भी करते हैं तो दोषी को बचाने की कोशिश में ही रहते हैं। तखतपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत घोंघाडीह में 15 लाख रुपए का राशन घोटाला कुछ साल पहले सामने आया था। रायपुर से आई टीम ने जांच में 400 हितग्राहियों का फर्जी राशन कार्ड पाया था। इसमें 12 मृतकों के नाम से राशन उठाने और टेबलेट में झूठी एंट्री करने की जानकारी सामने आई थी।

# सिम्सः 20 दिन से एमआरआई, 15 दिन से सीटी स्कैन बंद, प्रबंधन मौन, मरीज हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में फैली अव्यवस्थाओं का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। एक ओर प्रबंधन बार-बार खराब होती मशीनों का मेंटनेंस तक नहीं करा पा रहा है। वहीं दूसरी ओर मेंटनेंस कंपनी प्रबंधन को मरम्मत के लिए तारीख पर तारीख दे रही है। इन सब के बीच मरीजों को मजबूरी में डायग्नोसिस सेंटर्स में मोटी रकम देनी पड़ रही है। हालत ये है कि 20 दिनों से एमआरआई और 15 दिनों से सीटी स्कैन बंद है, इसके बावजूद मेंटनेंस कंपनी पर प्रबंधन कार्रवाई नहीं कर रहा है।

- जिस कंपनी को दिया ठेका वही दिखा रहा प्रबंधन को आंख

सिम्स में मरीजों को बीते 20 दिनों से एमआरआई और सीटी स्कैन से जांच की सुविधा नहीं मिल पा रही है। ऐसे में उन्हें निजी सेंटर जाना पड़ रहा है। गुरूवार को आर्थोपेडिक वार्ड में भर्ती राजीव वर्मा पिता होरीलाल वर्मा को जांच के लिए बाहर ले जाया गया। बताया गया कि राजीव एक्सीडेंट में बुरी तरह से घायल हो गए थे और पिछले 20 दिनों से भर्ती हैं, लेकिन सीटी स्कैन के बगैर उनका इलाज नहीं हो रहा है। उनके परिजन ने किसी तरह रूपयों की व्यवस्था की और गुरूवार को उनका सीटी स्कैन कराया। ये हाल सिम्स में भर्ती कमोबेश सभी मरीजों का है। बताया जा रहा है कि 30 मई से सिम्स में एमआरआई मशीन नहीं चल रही है, वहीं 7 जून के बाद से सीटी स्कैन ने भी काम करना बंद कर दिया है। जानकारी के अनुसार सिम्स में औसतन रोजाना 14 एमआरआई और 22 सीटी स्कैन किए जाते हैं। इसके साथ ही बेड एक्स-रे भी बंद कर दिया गया है। प्रबंधन का कहना है कि मशीनें खराब है। खास बात ये है कि मशीनों को सुधारने प्रबंधन ने करोड़ों रूपए का ठेका कंपनी को दे रखा है। कंपनी हर बार प्रबंधन को तारीख पर तारीख देती है लेकिन सिम्स प्रबंधन फिर भी कंपनी पर कार्रवाई करने से पीछे हट रहा है।



### कलेक्टर के कहने के बाद भी नहीं सुधर रहे हालत

14 जून को कलेक्टर अवनीश शरण ने सिम्स का जायजा लेकर तत्काल मशीनों को सुधारवाने का निर्देश दिया था। 6 दिन बीत जाने के बाद भी मशीन नहीं सुधर पाई है। प्रबंधन महज कागजों में ही कार्रवाई कर रहा है। हकीकत ये है कि सिम्स के डाक्टरों द्वारा एमआरआई, सीटी स्कैन, एक्स-रे लिखी जाती है और मरीज बाहर जाकर जांच करा रहे हैं।

### मशीन सुधरवाने प्रयास किया जाएगा

मुझे इस बारे में जानकारी नहीं है। अधीक्षक और डीन से जानकारी ली जाएगी और आला अधिकारियों को भी सूचना दी जाएगी, ताकि भविष्य में मरीजों को दिक्कत नहीं हो। मशीनों को सुधरवाने का प्रयास किया जाएगा।

**डॉ यूएस पैंकरा**
प्रभारी डीएमई, रायपुर

## 60 सीट में 50 खाली : एयू में मेन सब्जेक्ट के बजाय योग के सर्टिफिकेट कोर्स की मांग

# योग शिक्षाः जॉब नहीं मिलता इसलिए नहीं आते स्टूडेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में एक समय योग साइंस डिपार्टमेंट में एडमिशन के लिए मारामारी रहती थी। लेकिन योग की पढ़ाई के बाद सरकारी नौकरी नहीं मिल रही है नतीजतन योग डिपार्टमेंट में स्टूडेंट्स की संख्या लगातार घट रही है। वहीं पीजी डिप्लोमा इन योग साइंस मेन सब्जेक्ट के बजाय डिपार्टमेंट में संचालित सर्टिफिकेट कोर्स की डिमांड अधिक है।

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के यूटीडी में योग साइंस डिपार्टमेंट संचालित है। यहां पर वर्ष 2016 में पीजी डिप्लोमा इन योग साइंस कोर्स प्रारंभ किया गया था। इस कोर्स में कुल 60 सीटें हैं और शुरुआत में योग साइंस में एडमिशन के लिए यूनिवर्सिटी में मारामारी रहती थी। लेकिन पिछले कुछ सालों से यहां योग की पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट कम हुए हैं। पिछले सत्र की बात करें तो सिर्फ 9 स्टूडेंट पढ़ाई कर रहे थे और एक स्टूडेंट ने बीच में कोर्स छोड़ दिया। इस तरह से योग साइंस की 50 सीट खाली रह गई थी। वहीं योग साइंस डिपार्टमेंट में 6-6 महीने के दो सर्टिफिकेट कोर्स संचालित हैं, जिसे ड्यूल डिग्री के तहत दूसरे कोर्स को करते हुए किया जा सकता है। इसमें नेचुरोपैथी में 30 सीटें थीं। इसकी मांग अधिक होने पर इसे बढ़ाकर 50 कर दी गई है। इस सर्टिफिकेट कोर्स में पिछले सत्र 34 स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया था। इसी तरह योग ट्रेनर सर्टिफिकेट कोर्स में 30 सीट में 9 लोगों ने एडमिशन लिया था। योग साइंस पढ़ाने के लिए यूनिवर्सिटी द्वारा दो अतिथि योग शिक्षक रखे गए हैं। योग साइंस से स्टूडेंट्स का मोह भंग होने के पीछे प्रमुख वजह जॉब का नहीं मिलना माना जा रहा है। सरकार की ओर से शिक्षण संस्थानों में योग शिक्षकों की भर्ती नहीं की जा रही है, जिससे योग की पढ़ाई करने के बाद भी उन्हें जॉब के लिए भटकना पड़ रहा है।

### प्रदेश के 20 हजार युवा डिग्री डिप्लोमा लेकर भटक रहे

प्रदेश की 21 यूनिवर्सिटी व 42 कालेजों में योग के कोर्स संचालित हैं। इन सभी संस्थानों में योग सिखाने वाले नियमित प्रशिक्षकों की कमी है। अधिकांश जगहों पर संविदा पर प्रशिक्षक रखे जाते हैं। कालेजों में भी योग प्रशिक्षकों के पद खाली हैं और सरकार की ओर योग प्रशिक्षकों की भर्ती नहीं की जा रही है। लगभग 20 हजार युवा योग की डिग्री, डिप्लोमा लेकर जॉब के लिए भटक रहे हैं।

### आठ सालों में एमए नहीं हुआ शुरू

अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी में पिछले आठ सालों से योग साइंस डिपार्टमेंट संचालित हो रहा है, जहां पीजी डिप्लोमा इन योग साइंस कोर्स चल रहा है। लेकिन इन आठ सालों में यूनिवर्सिटी अपने ही यूटीडी में एमए योग पाठयक्रम शुरू नहीं कर पाया है। यूटीडी से योग की पढ़ाई करके निकलने वाले स्टूडेंट्स को योग में एमए करने के लिए बाहर दूसरे कालेजों में एडमिशन लेना पड़ता है। दूसरी तरफ यूनिवर्सिटी से स्वीकृति व संबद्धता प्राप्त कई प्राइवेट कालेजों में एमए योग पाठयक्रम संचालित हो रहा है।

### सर्टिफिकेट कोर्स में संख्या ठीक

अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी में योग साइंस डिपार्टमेंट संचालित है, जिसमें पीजी डिप्लोमा इन योग साइंस कोर्स के अलावा दो सर्टिफिकेट कोर्स नेचुरोपैथी एवं योग ट्रेनर भी संचालित है। पहले पीजी डिप्लोमा योग साइंस में एडमिशन की स्थिति अच्छी रहती थी, किन्तु पिछले कुछ सालों से स्टूडेंट्स घट गए हैं, जबकि सर्टिफिकेट कोर्स में संख्या ठीक है।

**-प्रमोद तिवारी,** एचओडी, योग साइंस डिपार्टमेंट एयू

### निशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन 1 जुलाई तक

**बिलासपुर।** आदिम जाति एवं जनजाति वर्ग के इस साल के ड्रॉप आउट बच्चों को इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग में इसके लिए 1 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित है। सहायक आयुक्त कार्यालय के अनुसार वर्ष 2024-25 में ड्राप लेकर प्री इंजीनियरिंग एवं प्री मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के कोचिंग की तैयारी के लिए प्रतिष्ठित संस्थान द्वारा राज्य के प्रतिभावान अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के कक्षा 12वीं उत्तीर्ण पात्र विद्यार्थियों को प्राक्चयन परीक्षा के माध्यम से मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।



श्रीमती सरोज (सोनी)
पोत्दार प्रगतिशील युवा स्वर्णकार बिलासपुर महिला ग्रुप की वरिष्ठ सदस्या को आज दिनांक 21 जून 2024 को
जन्मदिन एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
पर प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज बिलासपुर की महिला ग्रुप की सदस्यों की ओर से
हार्दिक शुभकामनाएं...
वर्षा सोनी, आरती सोनी, प्रतिमा सोनी, चंद्रिका सोनी (नंदिनी), दुर्गा विकास सोनी, ममता सोनी, राजकुमारी सोनी, संतोषी सोनी, रश्मि सोनी, श्रीमती जमुना सोनी।

**खबर संक्षेप**

## चैंबर ने लिया जिले से बाल श्रम समाप्त करने का संकल्प



**बिलासपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर के मंथन कक्ष में गुरुवार को श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम विषय पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें सहायक श्रमायुक्त आरके प्रधान के निर्देशन में डीएसपी सीडी लहरे, डीसीपीयु राहुल पवार, उद्योग विभाग से उद्योग अधिकारी, युनिसेफ से रूहाना खान, चाइल्ड लाइन से पुरूषोत्तम पांडे, सीएसजे से भानुप्रिया, सामाजिक कार्यकर्ता बिंदु सिंग कछुवाहा, चैम्बर आफ कामर्स के अध्यक्ष संजय मित्तल, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सन्नी, विभिन्न उद्योगों के एचआर एवं सीईओ एवं श्रम विभाग के श्रम पदाधिकारी व निरीक्षक मौजूद थे। इस अवसर पर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय मित्तल ने उद्योग संघ की ओर से बाल श्रम के रोकथाम में प्रशासन का पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। मीटिंग में बाल श्रम के अतिरिक्त बाल भिक्षावृत्ति, बाल-विवाह, बाल तस्करी एवं बच्चों के मौलिक अधिकार जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा की गई। जिसमें बाल श्रम के प्रतिबंध, सामाजिक सरोकार, दंड और बाल श्रम को दूर करने के उपायों पर अभिमत लिया गया। इसे एक मिशन के रूप में लेकर जिले से बाल श्रम पूर्णतः समाप्त करने का सभी पक्षों ने संकल्प लिया। बाल श्रम उन्मूलन पर अपनी सहभागिता जताई। आभार प्रदर्शन आर. के.तम्हाने ने किया।

## देव संस्कृति विश्वविद्यालय ने प्रदीप को दी पीएचडी

**बिलासपुर।** देव संस्कृति विश्वविद्यालय सांकरा दुर्ग ने प्रदीप कुमार सोनी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है।



उन्हें यह उपाधि शोध प्रबंध 'प्राणायाम का कामकाजी महिलाओं के तनाव स्तर पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन' पर दी गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य योग विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. बृजेश कश्यप के कुशल निर्देशन में पूरा किया है। श्री सोनी वर्तमान में महर्षि यूनिवर्सिटी आफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलाजी बिलासपुर में कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने शोध निर्देशक, गुरुजनों, माता पिता व सहयोगियों को दिया है।

## बारिश में भी व्यवधान मुक्त रेल सेवा देने प्रतिबद्ध है मंडल

**बिलासपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा मानसून के दौरान भी सुगम एवं निर्बाध रूप से व्यवधान-मुक्त रेल सेवा प्रदान करने प्री-मानसून तैयारी के कार्य तेजी से पूरे कराए जा रहे हैं। बिलासपुर मंड़ल प्रबंधक ने बताया कि रेल प्रशासन द्वारा मानसून के दौरान ट्रेनों के पहिये को चलायमन रखने और निर्बाध रेल सेवा सुनिश्चित करने के लिए सभी सेक्शनों के जलभराव वाले स्थानों, बोल्डर स्खलन होने वाले पहाड़ों, साइड ड्रेन, पुलों में पानी निकासी के रास्तों, पहाड़ों से आने वाली पानी के ड्रेन प्रणाली आदि का गहन निरीक्षण कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य कराया जा रहा है । उन्होंने बताया कि जलभराव वाले स्थानों पर पानी की निकासी के लिए पाइप लगाए गए हैं। बोल्डर स्खलन होने वाले पहाड़ों के पास स्खलन को रोकने तथा पहाड़ों से आने वाली पानी के ड्रेन प्रणाली को पटरियों में आने से रोकने के लिए ड्रेन को डायवर्ट किया गया है । ही साथ नालियों व ड्रेन प्रणाली के आसपास के कचरों को हटाकर साफ कराया गया है। इसके अलावा मंडल के सभी सम्बन्धित विभागों द्वारा मानसून पूर्व सावधानी अभियान चलाया गया है। जिसके तहत समपार फाटकों, रेल पुलों, रेल पथों, संरक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े संसाधनों, ओएचईलाइन, सम्बद्ध उपकरणों, सिग्नल प्रणाली आदि का सघन निरीक्षण एवं जांचकर आवश्यकतानुसार उनका अनुरक्षण किया गया है। जिससे बारिश के दौरान भी रेल परिचालन निर्बाध और सुचारू रूप से चलता रहे। उन्होंने बताया कि मंडल में अत्यधिक बारिश की स्थिति में उपयोग के लिए मालगाड़ी के डिब्बों में रेती एवं पत्थर, गिट्टी आदि जमा कर संबंधित स्थानों पर रखी गई है।



## सीजीपीएससी मेंस के लिए एडमिट कार्ड जारी, 24 से 27 जून तक होगी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सेवा की मुख्य परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी सीजीपीएससी की वेबसाइट www.psc.cg.gov.in में जाकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा दो-दो पालियों में होगी 24 जून से 27 जून तक होगी। पहली पाली सुबह 9 से 12 बजे तक होगी, तो वहीं दूसरी पली की परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी।इस परीक्षा के लिए रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर और दुर्ग में परीक्ष केंद्र बनाए गए हैं। ध्यान रहे कि सीजीपीएससी की होने वाली परीक्षा में इस बार 242 पदों पर भर्ती होगी। इसमें डिप्टी कलेक्टर से लेकर नायब तहसीलदार तक के पद शामिल हैं। मुख्य परीक्षा के लिए इस बार 3597 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। 24 जून को इन्हीं अभ्यर्थियों के मेंस परीक्षा की शुरुआत होगी। ज्ञात हो कि इस मुख्य परीक्षा में कुल 7 पेपर होंगे। इसमें 24 जून की सुबह 9 से 12 बजे तक भाषा की परीक्षा होगी। दोपहर दो से पांच बजे तक निबंध का पेपर होगा। 25 जून को पहली पाली में सामान्य अध्ययन-1 और दूसरी पाली में सामान्य अध्ययन-2 की परीक्षा होगी। 26 जून को पहली पाली में सामान्य अध्ययन-3 और दूसरी पाली में सामान्य अध्ययन-4 की परीक्षा होगी। 27 जून को पहली पाली में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक सामान्य अध्ययन-5 की परीक्षा होगी।

**कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के सुरक्षा घेरे में है शहर** | **पहले भी कई मामलों को सुलझाने और लोगों की मदद में उपयोगी साबित हुआ**

# ट्रैफिक कंट्रोल करने के साथ चोरों को पकड़वा रहा आईटीएमएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इंटेलिजेंट ट्रैफिक एंड मैनेजमेंट सिस्टम से पूरा शहर सुरक्षा के घेरे में आ चुका है। इससे पुलिस को जहां ट्रैफिक समेत अन्य मामलों को सुलझाने में आसानी हो रही है तो वहीं नागरिकों को इससे काफी मदद मिल रही है। बुधवार को दुकान से सोने चांदी से भरा बैग पार करने वाले चोर गिरोह के दस घंटे के भीतर पकड़ाने में स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित आईटीएमएस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आईटीएमएस के तहत लगे विशेष और एनपीआर कैमरे की मदद से पुलिस को आरोपियों को पकड़ने में काफी मदद मिली। बुधवार को डीएलएस कॉलेज अशोक नगर के पास एक ज्वेलरी शाप से उठाईगिरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने दस घंटे के भीतर ही दबोच लिया। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने आसपास के सी सीसीटीवी कैमरे खंगाले,जिस पर संदिग्धों की पहचान कर ली गई। फिर आईटीएमएस द्वारा संचालित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से पूरे शहर में लगे कैमरों से फुटेज चेक किया गया। फुटेज में जरहाभाटा मंदिर चौक के पास आरोपी बाइक में दिखें,आईटीएमएस योजना के तहत लगे विशेष एनपीआर आटोमेटिक नंबर प्लेट रीड कैमरे से बाइक के नंबर स्पष्ट रूप से दिख गया,जिसके बाद पूरा डिटेल लिया गया। मोबाइल लोकेशन समेत अन्य इनपुट मिलने के बाद सिरगिट्टी क्षेत्र से आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया।

- स्पेशल कैमरे और एनपीआर की मदद से पुलिस पहुंची आरोपियों तक



### कई मामलों को सुलझाने में मदद मिली

स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत बिलासपुर में संचालित इंटेलिजेंट ट्रैफिक एंड मैनेजमेंट सिस्टम से सुरक्षा और ट्रैफिक में काफी मदद मिल रही है। शहर की सड़को और चौराहों में लगे विशेष प्रकार के सर्विलांस कैमरे के जरिए पूरी शहर की निगरानी और रिकार्ड रखें जा रहे हैं। जिसका इस्तेमाल ट्रैफिक नियम के साथ दुर्घटना या आरोपियों की शिनाख्त और लोगों की मदद के लिए किया जा रहा है। संचालन के बाद से गुम सामान को ढूंढने या आरोपियों को पकड़ने में कमांड एंड कंट्रोल सेंटर काफी कारगार साबित हुआ है।

### 523 विशेष कैमरों की निगरानी में है शहर

43 स्थानों में 523 कैमरे के जरिए शहर की ट्रैफिक और अन्य चीजों की निगरानी की जा रही है। जिसमें 208 सर्विलांस कैमरा, 212 आटोमेटिक नंबर प्लेट रीड विशेष कैमरे और 108 एविडेंस कैमरा लगाया शामिल है।

**जिपं की सामान्य सभा:** स्वच्छ भारत मिशन की प्रभारी को नहीं हटाने पर आंदोलन की चेतावनी

# शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली पर जमकर हंगामा, पीडब्ल्यूडी के ईई को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली पर जमकर हंगामा मचा। सदस्यों ने विभागीय अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कोई भी काम समय पर पूरा नहीं हो रहा है। स्वच्छ भारत मिशन की प्रभारी पूनम तिवारी को एक सप्ताह में नहीं हटाने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई तो पीडब्ल्यूडी के संभाग क्रमांक 2 के ईई अरविंद चौरसिया को नोटिस जारी किया गया है। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान ने की। सीईओ आरपी चौहान भी मौजूद थे।

- बैठक में कृषि, पशु पालन, उद्यानिकी पर चर्चा

इस बैठक में मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, कृषि, पशु पालन, उद्यानिकी, विद्युत विभाग, मतस्य विभाग, क्रेडा विभाग, बीज निगम, महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग एवं जिला पुनर्वास विभाग, वन विभाग, आदिवासी विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, रीपा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, जल संसाधन, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण आदि योजनाओं के अंतर्गत चल रहे कार्यों की जानकारी एवं समीक्षा पर चर्चा हुई। साथ ही 15 वें वित्त योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के कार्यो का अनुमोदन, जिला पंचायत विकास निधि 2024-25 के कार्यो का अनुमोदन, बजट वर्ष 2024-25 का अनुमोदन एवं अन्य विषयों पर चर्चा हुई।

इसके साथ ही सामान्य प्रशासन समिति की शाम को आयोजित बैठक में आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत चल रहे कार्यो की समीक्षा, लम्बे समय से अनुपस्थित (पंचायत) संवर्ग के शिक्षकों की सेवा समाप्ति तथा समाज कल्याण एवं पुनर्वास विभाग के काम-काज की समीक्षा हुई। मस्तूरी के विधायक प्रतिनिधि संतोष दुबे ने खुटाघांट से अमृत मिशन योजना के तहत शहर में पानी सप्लाई के बारे में सवाल पूछा और कहा की अभी तक इसे अहिरन नदी से क्यों नहीं जोड़ा गया है।




जिला पंचायत की सामान्य सभा में चर्चा करते सदस्य।

### स्वास्थ्य के मुद्दे पर जमकर हंगामा

पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को इस बात पर भी जवाब देते नहीं बना की शाम को सड़क पर मवेशी बैठ रहे हैं, इसके लिए क्या व्यवस्था हो रही है। स्वास्थ्य के मुद्दे पर सदस्यों ने सीएमएचओ का घेराव किया और झोला छाप डाक्टरों पर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

### शिक्षकों की कमी से बच्चे स्कूल छोड़ रहे

गुरुवार को जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक मैं सबसे पहले स्कूलों में शिक्षकों की पोस्टिंग का मामला जोर से उठा। सदस्यों ने बताया कि 88 स्कूलों में एकल शिक्षक है तो आठ स्कूलों में शिक्षक ही नहीं है जबकि 99 स्कूलों में अतिरिक्त शिक्षक की नियुक्ति है। यह असामान्य व्यवस्था है और इसे सामान्य करना चाहिए। जहां शिक्षक नहीं है वहां तत्काल व्यवस्था होनी चाहिए।

**एजुकेशन प्लस**

## चौकसेः छात्रों का रुझान कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में




**बिलासपुर।** चौकसे इंजीनियरिंग कालेज में एडमिशन प्रांरभ है। महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक डा. आशीष जायसवाल ने बताया कि छात्रों का रुझान बी टेक कंप्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग सीएसई, बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एण्ड मशीन लर्निंग और बी टेक इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एण्ड डाटा साइंस की ओर है। यहां बी टेक कंप्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग की दो स्पेशलाइजेशन ब्रांच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एण्ड मशीन लर्निंग तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एण्ड डाटा साइंस के कोर्सेस उपलब्ध है।

छात्र-छात्राएं इन एडवांस प्रोग्राम में नामांकन कराकर अपना भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं। अभी सबसे अधिक मांग एवं नौकरियां कंप्यूटर साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग तथा डाटा साइंस की है। डा. शानू कुट्टन राकेश ने बताया कि बी टेक कंप्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग प्रोग्राम छात्रों को कंप्यूटर साइंस के कई पहलुओं में गहन ज्ञान और कौशल प्रदान करता है। इसमें प्रोग्रामिंग,साफ्टवेयर डेवलपमेंट, नेटवर्किंग, डेटा बेस मैनेजमेंट और साइबर सिक्योरिटी जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया है। मशीन लर्निंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग आज के समय की सबसे तेजी से बढ़ती तकनीकों में से एक है। बीटेक इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एण्ड डाटा साइंस कोर्स उन छात्रों के लिए आदर्श है जो डेटा साइंस और एआई में करियर बनाना चाहते हैं। इस प्रोग्राम में डोटा संग्रहण, डेटा विश्लेषण, डेटा विजुअलाइजेशन और एआई तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आज कल सारे मोबाइल एप्लीकेशन, वेब एप्लीकेशन, साफ्टवेयर तथा वेब साइट में एआई इंटीग्रेट रहता है जिससे कुशलता तथा तेज गति से कार्यों को क्रियान्वित किया जा सके। बीटेक के साथ इस महाविद्यालय में कंप्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग में भी एमटेक कोर्स कंप्यूटर साइंस के लिए चल रहा है। जिसमें प्रवेश के लिए गेट परीक्षा देना अनिवार्य है। महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक श्री जायसवाल ने बताया कि चौकसे महाविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है। हमारे यहां समय समय पर विभिन्न क्षेत्रों में उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाता है। सबसे अधिक कैंपस प्लेसमेंट कंप्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग के लिए उपलब्ध कराया जाता है। एडमिशन के लिए कालेज की वेबसाइट पर का अवलोकन कर सकते हैं।

## केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहीः शैलेष

**बिलासपुर।** पूर्व नगर विधायक शैलेष पाण्डेय ने केंद्र की मोदी सरकार पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि नीट की परीक्षा से लाखों बच्चों के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लग चुका है, जिससे देश के अभिभावक चिंतित हैं। पूर्ण निराकरण भी नहीं हो पा रहा है।



- नीट के बाद अब यूजी-नेट की परीक्षा कलंकित हुई

परीक्षा पारदर्शी नहीं रह गई है और मोदी सरकार के मंत्री गोलमोल जवाब दे रहे हैं। ऐसा लगता है जैसे सच को छुपाया जा रहा है। इतनी बड़ी धांधली देश की इतनी बड़ी परीक्षा में हुई है और अभी तक एनटीए पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। श्री पाण्डेय ने आरोप लगाया कि नीट के बाद अब यूजी-नेट की परीक्षा में गड़बड़ी आने से एनटीए ने परीक्षा को रद्द किया है। जिससे देश के युवकों का भविष्य अंधकार में हो रहा है। उन्होंने कहा कि फिर एक बार मोदी सरकार परीक्षाओं में पारदर्शिता करने में असफल रही है। देश में इस प्रकार युवकों में मायूसी छायी है। सरकार गड़बड़ियों पर पर्दा डालने का काम कर रही है। लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। देश में सुशासन का ढोल पीटा जा रहा है। उन्होंने ज़िम्मेदार लोगो और दोषियों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। ऐसा लगता है जैसे मोदी सरकार सच पर पर्दा डाल रही है। लगातार युवाओं और बच्चों के भविष्य इन परीक्षाओं से दांव पर लगे हैं। साल भर तैयारी करने वाले बच्चों को निराशा ही हाथ लग रही है। ऐसे में कैसे सरकार पर भरोसा करे।

## 244 वाहनों पर कार्रवाई, 1 लाख 44 हजार का काटा गया चलान

**बिलासपुर।** पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर शहर के चौक चौराहों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को डीएसपी साहू ने 244 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 1 लाख 44 हजार 800 का चलान काटा। इसमें 80 वाहन बिना नंबर, मोडिफाइड साइलेंसर युक्त वाहनों पर कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के आदेश के परिपालन में शहर यातायात प्रबंधन एवं अपराध नियंत्रण के लिए गुरुवार की शाम शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर बिना नंबर वाले वाहनों एवं मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर कर्कश ध्वनि उत्पन्न करने वाले वाहनों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। एएसपी ट्रैफिक नीरज चंद्राकर ने बताया कि कार्यवाही के लिए शहर के मुख्य चौक-चौराहों जैसे पुराना बस स्टैंड, गांधी चौक, महाराणा प्रताप चौक, मंगला चौक, महिमा तिराहा, महामाया चौक पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाकर उक्त वाहनों को थाना यातायात लाकर, वाहनों पर रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित कराया गया। मॉडिफाई साइलेंसर को निकलवा कर वैध साइलेंसर लगवाने की कार्रवाई की गई। आज के विशेष चेकिंग अभियान में डीएसपी ट्रैफिक संजय साहू ने स्वयं मंगला चौक एवं महिमा तिराहे पर अभियान का नेतृत्व किया। बिना नंबर वाले वाहनों एवं मोडिफाइड साइलेंसर युक्त वाहनों पर कार्रवाई करते हुए थाना भेजा।



आज की विशेष चेकिंग अभियान में समाचार लिखे जाने तक 244 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 1 लाख 44 हजार 800 का चलान कटा गया। जिसमे 80 वाहन बिना नंबर, मोडिफाइड साइलेंसर युक्त वाहनों पर कार्रवाई की गई।

**बिजनेस प्लस**

## अंबा फ्यूल्स की प्रथम वर्षगांठ पर बांटे गए पौधे, 4 जुलाई तक निकालेंगे लकी ड्रा



**बिलासपुर।** भारत पेट्रोलियम के तारबाहर स्थित अंबा फ्यूल्स की प्रथम वर्षगांठ पर अंबा फ्यूल्स के डायरेक्टर अशोक टुटेजा और सुमित टुटेजा ने पर्यावरण को हरा भरा बनाने 1 हजार पौधों का निशुल्क वितरण किया।

लोगों को प्रोत्साहित करने उन्होंने कहा कि केवल पौधा लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि उनकी पूरी देखभाल भी करना है। उन्हें बड़े वृक्षों के रूप में बढ़ाने की कोशिश भी करें। प्रथम वर्षगांठ पर हर घर एक पौधा लगाने का संदेश दिया गया। प्रकाश सोंथलिया के साथ पौधा वितरण किया गया। इस अवसर पर बीपीसीएल कंपनी के टेरीटरी मैनेजर दीपक जैन एवं एसओ कृतिका देवांगन, सन्नी अजमानी, विवेक घई गोल्डी आदि मौजूद थे। इसे यादगार बनाने भारत पेट्रोलियम कंपनी द्वारा अपने ग्राहकों को पेट्रोल व डीजल भरवाने पर 2 लाख के उपहार जीतने का शानदार फर्स्ट एनिवर्सरी ऑफर दिया है। जिसका लकी ड्रा 4 जुलाई 2024 तक निकाला जाएगा। लकी ड्रा में बेड, वार्डरोब, स्विंग, शू स्टैंड व डाइनिंग टेबल जैसे उपहार ग्राहकों को दिए जाएंगे। इसके लिए कस्टमर को टू -थ्री व्हीलर पर न्यूनतम 300 व 4 व्हीलर पर न्यूनतम 1500 तक के पेट्रोल भरवाने पर ड्रा में शामिल होंगे।

**कैट व चैंबर आफ कामर्स का व्यापारियों के लिए जीएसटी कार्यशाला व मुद्रा लोन शिविर**

# छोटे व्यापारी बिना मॉडगेज आसानी से ले सकते हैं लोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में व्यापारियों के लिए जीएसटी कार्यशाला व मुद्रा लोन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सीए कपिल सचदेव ने जीएसटी, ईवे बिल और जीएसटी से रिलेटेड जानकारी दी।

- विशेषज्ञों ने व्यापारियों की शंकाओं का किया समाधान

उन्होंने जीएसटी से जुड़े लगभग सभी प्रश्नों का उत्तर दिया । वहीं मुद्रा लोन के संबंध में रायपुर के सीए मुकेश मोटवानी ने व्यापारियों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छोटे व्यापारी बिना किसी मॉडगेज के बैंक से आसानी से लोन ले सकते हैं। मंच संचालन कैट बिलासपुर सचिव हीरानंद जयसिंह ने किया। कार्यक्रम स्थल पर पर स्पॉट मुद्रा लोन के लिए एसबीआई और आईडीबीआई बैंक के अधिकारियों की टीम मौजूद थीं। कार्यक्रम में बिलासपुर शहर के सभी क्षेत्रों के लगभग 200 से अधिक व्यापारियों ने लाभ लिया। अंत में सीए कपिल सचदेव और सीए मुकेश मोटवानी को कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, कैट बिलासपुर अध्यक्ष किशोर पंजवानी, चेंबर ऑफ़ कामर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. नवदीप सिंह अरोरा, चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री अनिल वाधवानी, चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स बिलासपुर के अध्यक्ष संजय मितल ने शाल व स्मृति चिन्ह भेंट किया। साथ ही बैंक से आए अधिकारियों को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया।



### समस्याओं को सरकार तक पहुंचा रही चैंबर : सचदेव

इस अवसर पर सीए कपिल सचदेव और सीए मुकेश मोटवानी ने चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स और कैट का धन्यवाद किया। सीए श्री सचदेव ने कहा कि आपने हमे बुलाया इसके लिए धन्यवाद। ऐसे आयोजन हमेशा होते रहने चाहिए जिससे व्यापारियों की शंकाओं को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा जिन चीजों को कर पाना संभव नहीं है उनकी जानकारी सरकार को दी जाए और वर्तमान में चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स और कैट ही ऐसी संस्था हैं जो व्यापारियों को होने वाली समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का काम कर रही है। कार्यक्रम में कैट और चैंबर के सदस्यों के साथ साथ लगभग सभी संगठनों के व्यापारियों ने भाग लिया। अंत में हीरानंद ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## आंबा कार्यकर्ता के रिक्त पदों के लिए मंगाए आवेदन

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकण्डा के ग्रामीण क्षेत्रों के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र हरदीपारा (कोरबी) में कार्यकर्ता के 1 रिक्त पद एवं ग्राम सिलपहरी के केन्द्र क्रमांक 2 एवं ग्राम जलसो के केन्द्र क्रमांक 2 में सहायिका के लिए आवेदन आमंत्रित है।

इच्छुक आवेदिका 27 जून से 11 जुलाई तक एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकंडा में सीधे अथवा साधारण या पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। आवेदन के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकण्डा से प्राप्त कर सकते हैं। 11 जुलाई के बाद मिलने वाले आवेदनों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। दावा-आपत्ति के बाद अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। आवेदक निर्धारित तिथि तक अपना आवेदन संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 21 जून 2024

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255





## एग्जाम अपडेट

# परिवहन उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा एक सितंबर को

### सिविल जज के लिए 25 अगस्त को पर्चे

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा दो मुख्य भर्ती परीक्षाओं का शेड्यूल बुधवार को जारी कर दिया गया है। जारी शेड्यूल के अनुसार, परिवहन विभाग के अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा एक सितंबर को आयोजित की जाएगी। इसके लिए आवेदन 18 अगस्त 2023 को जारी किया गया था। उप निरीक्षक के 15 पदों पर इसके माध्यम से भर्ती की जाएगी। इस परीक्षा में दो प्रश्नपत्र होंगे। पहला प्रश्नपत्र छत्तीसगढ़ के सामान्य ज्ञान पर आधारित होगा जबकि दूसरा प्रश्नपत्र विषय संबंधित होगा। सिलेबस तथा परीक्षा संबंधित विस्तृत जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। इसके लिए परीक्षा केंद्र मात्र रायपुर में ही बनाया जाएगा।

**पीएससी ने जारी किया दो मुख्य भर्ती परीक्षाओं का शेड्यूल**

### रायपुर और बिलासपुर में केंद्र

व्यवहार न्यायाधीश के लिए रायपुर के साथ ही बिलासपुर में भी सेंटर बनाए जाएंगे। यह परीक्षा 25 अगस्त को आयोजित होगी। परीक्षा मात्र एक पाली में होगी। प्रवेश पत्र परीक्षा के दस दिन पूर्व जारी किए जाएंगे। किसी भी अभ्यर्थी को पृथक रूप से प्रवेशपत्र नहीं भेजे जाएंगे। पीएससी की वेबसाइट से इसे डाउनलोड करना होगा। किसी तरह की समस्या होने पर पीएससी से कैंडिडेट्स संपर्क कर सकते हैं।

## आयोजन

# अरपा अर्पण महाअभियान ने किया पौधरोपण



**बिलासपुर।** अरपा अर्पण महाअभियान जन आंदोलन बिलासपुर द्वारा 15 जून के बाद प्रथम रविवार को रिवर ब्यू में पौधरोपण किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में जगजीत सिंह, अमित कुमार निगम कमिश्नर, खजॉंची कुम्हार अपर आयुक्त नगर निगम बिलासपुर व डॉ श्रीश मिश्रा ने मिलकर अरपा मइया व पौधों का पूजन किया। यह कार्य सुश्री वर्षा ताम्रकार व दीपा चंद्रा दीदी के सानिध्य में हुआ। पहला पौधारोपण नगर निगम आयुक्त अमित कुमार के साथ मिलकर सबने लगाया। इसके बाद डिवाईडर पर 60 शिशु व आँवले के पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण के बाद सभी ट्री गार्ड को सीमेंट से जाम कराया गया। पौधारोपण बाद सभी ने डॉ सुजाता पांडेय द्वारा लाया गया चना, मुर्रा, मकई व मूंगफली का लुत्फ़ उठाया। इस मौके पर डॉ प्रिया श्रीश मिश्रा, जय पाठक, डॉ आलोक मिश्रा, अमित रंजन पाण्डेय, विठ्ठल भाई पटेल, राजकुमार जायसवाल, बसंत जायसवाल, डॉ रवि पटेल भाई, मोटू भाई, आशुतोष शर्मा, रोशनी आशुतोष शर्मा, आशुतोष तिवारी, संजय जायसवाल, किरण सिंह, स्वाती सिंह, रेनु, डॉ सुजाता पॉडेय, आशीष अग्रवाल, श्री व्यास, श्री केडिया, जितेन्द्र श्रीवास्तव, जितेन्द्र शुक्ला, जयंत श्रीवास्तव प्रभात मिश्रा, पराग अनिल यादव, श्नोज सोनी, गौरव प्रजापति, सुश्री विदुषी दीवान सहित वर्षा श्याम मोहन दुबे, सिम्स अस्पताल के मेडिकल छात्र-छात्रा, अरपा अर्पण महाअभियान परिवार के सदस्यों, नागरिकों व बच्चों की सहभागिता रही।

**निगम कमिश्नर सहित अन्य नागरिकों ने निभाई सहभागिता**

## स्पोर्ट्स न्यूज

# राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते 19 पदक




**बिलासपुर।** ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया एवं स्पोर्ट्स ताइक्वांडो एसोसिएशन मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में 15वीं ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 40 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। राज्य की टीम में शामिल बिलासपुर जिले के 24 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 19 पदकों पर कब्जा किया। महासचिव रामपुरी गोस्वामी ने बताया कि प्रतियोगिता में बिलासपुर जिले के खिलाड़ी एवं गजानन ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण पदक, 5 रजत पदक एवं 9 कास्य पदक प्राप्त जीते। टीम के मुख्य प्रशिक्षक राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में अन्य खिलाड़ियों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है। टीम मैनेजर वेद प्रकाश जयसवाल एवं महिला कोच श्रुति देशपांडे थी। जिनके नेतृत्व में खिलाड़ियों ने सफ़लता प्राप्त की। पदक विजेता खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ राज्य ताइक्वांडो संघ के मुख्य संरक्षक धरमलाल कौशिक, अध्यक्ष मनोज भिवगड़े उपाध्यक्ष रामदेव कुमावत, सलाम रिजवी, मख्मूर खान एवं संघ के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## आज अंतराष्ट्रीय योग दिवसः विभिन्न स्थानों में कराए जाएंगे योगाभ्यास

# जिंदगी को स्वस्थ, ऊर्जावान बनाने योग एक रामबाण दवा, सभी अपनाएं

**बिलासपुर।** योग हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। हमारे आसपास ऐसे अनेक कारण विद्यमान है, जो तनाव, थकान तथा चिड़चिड़ापन को जन्म देता है। इससे हमारी जिंदगी अस्त व्यस्त हो जाती है। ऐसे में जिंदगी को स्वस्थ तथा ऊर्जावान बनाए रखने के लिए योग एक ऐसी रामबाण दवा है जो माइंड को कुल और बॉडी को फिट रखता है। शुक्रवार 21 जून को 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व समुदाय से योग दिवस मनाने का आव्हान किया था। इस पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के 19 सदस्यों ने रिकॉर्ड 177 सह समर्थक देशों के साथ 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का संकल्प सर्व सम्मति से अनुमोदित कर दिया। इसके बाद से हर साल अलग-अलग थीम पर योग दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष का थीम महिला सशक्तिकरण के लिए योग है। योग दिवस पर यश पैलेस होटल में सुबह 7 से 8 योग का आयोजन किया गया है।

### कोरोना में घर बैठे कराया योग



योग विषय पर व्याख्याता सत्यम तिवारी ने बताया कि जब देश में कोरोना की महामारी थी, ऐसे समय में सैकड़ों लोगों को ऑनलाइन योग कराया। इससे न सिर्फ प्रतिरोधक क्षमता बढ़ी बल्कि वे डर के माहौल से भी बाहर निकले। योग का प्रचार कर कई लोगों को कोरोना की भयावहता से मुक्त किया था। वर्तमान में उनके द्वारा पढ़ाए हुए विद्यार्थी व शोधार्थी सफलतापूर्वक देश के नामी विश्वविद्यालयों में योग विषय में शोध कार्य कर रहे हैं। एयू विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित अष्टांग योग के आठ प्रहर जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से उन्होंने देश-विदेश तक लोगों को योग से जोड़ा है। विश्वविद्यालय के माध्यम से उन्होंने जन जन में योग की भावना को साकार करते हुए पूरे राज्य और देश भर के लोगों को योग से जोड़ने की मुहिम छेड़ी एवं हजारों लोगों को योग से जोड़ने में सफल भी हुए।

### जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है स्वास्थ्य



योगा टीचर एवं काउंसलर रीतु सिंह ने योग दिवस पर अपने संदेश में कहा कि योग शरीर के प्रत्येक पार्ट को ठीक रखता है। योग एक दिन की नहीं बल्कि इसे नियमित रूप से करने का प्रयास हो। हर इंसान को योग, प्राणायाम, आसन के लिए आधा-एक घंटे का समय अवश्य निकालना चाहिए। जीवन की सबसे बड़ी पूंजी स्वास्थय है। स्वास्थ्य अच्छा है तो सब कुछ अच्छा है। रीतु की योग यात्रा की शुरूआत श्रीश्री रविशंकर महराज के कनकपुरा बैंगलौर आश्रम से हुई। यहां उन्होंने पूरे 8 साल तक शिष्य व गुरु के रूप में काम किया। फिर बिलासपुर आकर पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्व विद्यालय से योगा में डिप्लोमा की डिग्री ली। डिप्लोमा लेने के बाद इसी विश्वविद्यालय में दो वर्ष तक योगा टीचर के रूप में काम किया।

### माता-पिता का योग देख की पीएचडी



योग हर मर्ज का इलाज है, योग से दिनचर्या संतुलित रहती है। योग का असर शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। शहर की मोनिका पाठक घर में माता-पिता को योग करते देख इसी से प्रेरित होकर कॅरियर बनाने ठाना और आज योग में पीएचडी कर हर दिन सैकड़ों लोगों को योगा सीखा रही हैं। इससे शरीर का बौद्धिक व शारीरिक विकास होता है। अब वे अटल यूनिवर्सिटी में योग टीचर के माध्यम से सेवाएं भी दे रही हैं। उन्होंने कहा कि जिस विषय में पीएचडी की है, वह टॉपिक वर्ल्ड का पहला और योग में बेहद प्रसिद्ध है। यह पहला त्राटक स्टैंड डिजाइन पेटेंट है, इसमें शर्ट कर्म की 6 पध्दतियां शामिल है। इसके अलावा अष्टांग योग के आठ प्रहर का पेंटेट इस विषय पर अब तक किसी ने भी नहीं किया है। यह शहर के लिए भी गौरव की बात है।

### दूर हुए हैं असाध्य रोग : अग्रवाल



पतंजलि योग समिति के योग शिक्षक बाल गोविंद अग्रवाल ने बताया कि योग का आशय शरीर के समस्त रोगों को दूर कर मस्तिष्क को तनाव मुक्त कर मन को पवित्र बनाकर आत्मा का ईश्वर से संबंध स्थापित करना है। योग का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इससे कोई नुकसान नहीं होता। इसके सैकड़ों फायदे हैं। जिसे वैज्ञानिकों एवं चिकित्सकों ने स्वीकार किया है। योग से लाखों लोगों के असाध्य रोगों को दूर किया जा चुका है। आज विज्ञान भी कहता है कि शरीर को चलाने की शक्ति मन में है। यदि मन निरोगी, शक्तिशाली हो जाए तो शरीर वैसे ही सुडौल और सुंदर हो जाएगा। योग ही बीमारियों को दूर करने का मर्ज है। नियमित योग से शारीरिक व मानसिक हर तरह रोगों को सही किया जा सकता है।

### बैक पैन हुआ ठीक, आज पूरी तरह स्वस्थ



27 खोली निवासी आयशा जो कि गृहिणी है, को बैक पैन की शिकायत थी। दर्द निवारक दवाई खाने पर उसका ज्यादा समय तक असर नहीं रहता था। परेशान होकर वह योगा टीचर रीतु सिंह से मिली तो उन्होंने उसे भुजंगासन, उदर आसन, स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज नियमित रूप से कराया। इससे मात्र पांच दिन में ही उसे राहत मिलने लगी। आयशा ने बताया कि अब वह योग को अपनी जिंदगी की हिस्सा बना ली है। कुछ भी हो जाए प्रतिदिन योग, प्राणायाम जरूर करती है। इससे अब उसे बैक पैन बिल्कुल नहीं हो रहा है और पूरी तरह से स्वस्थ है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि हर किसी को योग अपना कर स्वस्थ रहने एवं दूसरों को योग करने जागरूक करने का प्रयास करना चाहिए।

### श्रमिक प्रतीक्षालय में कराया गया योग

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई पीएनएस महाविद्यालय एवं जीवन धारा नमामि गंगे के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत योगाभ्यास कराया गया। श्रमिक प्रतीक्षालय बृहस्पति बाजार में महिला सशक्तिकरण के लिए योग विषय पर आधारित इस आयोजन में शहरवासियों ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ मनोज सिन्हा एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक एवं रमेश कुमार प्रधान सहायक श्रमायुक्त जिला बिलासपुर थे। मुख्य अतिथि का स्वागत प्राचार्य डॉ एसके शर्मा एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जीवन धारा नमामि गंगे डॉ अलका यादव ने पौधे देकर किया। रेखा गुल्ला, मांडवी नामदेव ने कांति अंचल रासेयो जिला संगठक, यूनिसेफ जिला सलाहकार रूमाना खान का एनएसएस बैच लगाकर स्वागत किया। योग प्रशिक्षक लीली ठाकुर एवं शशि किरण साहू आहार विशेषज्ञ ने योग संबंधी योगासन, सुरक्षित स्वस्थ, मस्तिष्क संबंधी प्राणायाम, आसन योगाभ्यास कराया।



### संतुलित मन से ही होगा आत्म विकास : मंजू

बहतराई स्टेडियम में भी योग दिवस के पूर्व मास्टर ट्रेनर्स के साथ योग अभ्यास किया गया। बहतराई इनडोर स्टेडियम में योग दिवस पूर्व अभ्यास में योग का संचालन करते हुए ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने कहा कि योगाभ्यास मनोभाव से प्रार्थना के साथ शुरू करने से शांत वातावरण निर्मित होता है जो मस्तिष्क के लिए लाभप्रद है। शरीर व श्वांस-प्रश्वास की सजगता के साथ धीरे-धीरे योग अभ्यास आरंभ कर ध्यान, गहन मौन, संकल्प तथा शान्ति पाठ से समापन करना चाहिए। योग मानसिक रूप से भी बेहद लाभदायक है। आज के सत्र में सभी शिविरार्थियों के साथ पतंजलि महिला समिति की अध्यक्ष हेमलता साहू, मोना बोड़खे, गायत्री परिवार की नंदिनी पाटनवार, सुजाता मानिक, राजेश त्रिवेदी, आर्ट ऑफ लिविंग के प्रीतपाल भाई शामिल रहे। अंत में सर्व के सुख, निरोग रहने की मंगल कामना के साथ शान्ति पाठ किया गया।




### उसलापुर में कराया गया एक्सरसाइज

ब्रह्माकुमारीज ओम शांति सरोवर उसलापुर सेवा केंद्र में स्वयं और समाज के लिए योग विषय पर 11 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत 11वें दिन रूपाली बहन योगा प्रशिक्षिका ने चालन क्रिया में गर्दन, स्कंध संचालन में कंधों, कटी चालन में कमर एवं घुटना संचालन में घुटने की एक्सरसाइज कराई। भ्राता राकेश सीनियर टीचर प्रेम नगर ने गरुड़ासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, पादहस्तासन, भद्रासन, पवनमुक्तासन, वज्रासन, अर्द्धउष्ट्रासन, शसक आसन, उत्तान मंडूकासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्द्धहलासन कराया एवं भ्राता राजवीर सिंह हेल्थ ट्रेनर ने प्राणायाम में अनुलोम विलोम, कपालभाति आसन कराया। शीतली प्राणायाम भ्रामरी प्राणायाम, ताड़ासन, भुजंगासन, धनुरासन, चक्रासन, नौकासन, वक्रासन, कटिबद्ध आसन, त्रिकोणआसन, मरकट आसन, अर्द्धमरकट आसन, तितली आसन कराया।



**आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ का आयोजन**

# किसी भी कार्य को उत्साह के साथ करने की कला को जीवन में उतारें

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के सभी विभागों के छात्र-छात्राओं के लिए 'सॉफ्ट स्किल मैनेजमेंट एण्ड परसनालिटी डेवलपमेंट" विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**बिलासपुर।** विश्वविद्यालय केन्द्रीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. संतोष राय ने कहानियों एवं खेल के माध्यम से छात्र-छात्राओं को अपनी सोच को सकारात्मक रखने, किसी भी कार्य को पूरे उत्साह के साथ करने एवं खुश रहने की कला को अपने जीवन में उतारने प्रेरित किया। विश्वविद्यालय का आईक्यूएसी प्रकोष्ठ इस प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजित करते रहता है तथा छात्र-छात्राओं को उनके व्यक्तित्व विकास, भविष्य निर्माण तथा विषय अनुरूप जीवन जीने के महत्व एवं कौशल विकास के लिए प्रयत्नरत रहता है। कार्यक्रम में भिलाई से प्रेरक वक्ता डॉ. संतोष राय सम्मिलित थे, कार्यक्रम के प्रारंभ में मंच पर आई.क्यू.ए.सी. निदेशक डॉ. एच.एस. होता, आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक डॉ. सुमोना भट्टाचार्य, डॉ. पूजा पाण्डेय, विभागाध्यक्ष वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग, रासेयो समन्वयक डॉ. मनोज सिन्हा, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गौरव साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र मौजूद थे।



**एवीएम न्यू सैनिक स्कूल मे शैक्षणिक कार्यशाला**

# भटके बच्चों को पुनः समाज से जोड़ने में विद्यालय व शिक्षक की अहम भूमिका

**बिलासपुर।** कोनी स्थित आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में शिक्षकों के लिए 'शैक्षिक कार्यशाला ' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड एयर फोर्स ग्रुप कैप्टन वीके वर्मा रहे, गौरतलब है कि श्री वर्मा सीवी रमन विश्वविद्यालय पटना के पूर्व कुलपति रह चुके हैं। कार्यक्रम में श्री वर्मा ने न केवल अपने शिक्षण संबंधी अनुभवों को साझा किया बल्कि आधुनिक शिक्षण पद्धति के सम्बन्ध में भी विशेष चर्चा की।

उन्होंने एनईपी 2020 की सराहना करते हुए कहा कि यह भारतीय ज्ञान एवं पाश्चात्य शिक्षा व्यवस्था का उचित मेल है जो हमारी शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के इस दौर में विशेष तौर पर युवाओं को भावनात्मक दुर्बलता, असंवेदनशीलता, द्वेश, आक्रोश और असामाजिकता जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों पर इसका दुष्प्रभाव सबसे ज़्यादा पड़ा है। ऐसे भटके हुए विद्यार्थियों को सही रास्ता दिखाने और उन्हें पुनः समाज से जोड़ने का कार्य विद्यालय का सकारात्मक परिवेश और शिक्षक ही कर सकता है। कैप्टन वर्मा ने कहा कि आज समाज को एक सभ्य, शिक्षित और मजबूत युवाओं का वर्ग प्रदान करने की जिम्मेदारी पूर्णरूप से विद्यालय के कंधों पर ही है जो किसी भी देश के विकास में भी अहम भूमिका निभाती है। एक शिक्षक को अपने प्रत्येक छात्र से व्यक्तिगत रूप से जुड़ना चाहिए ,उसकी रुचि अरुचि की जानकारी रखनी चाहिए। उस बच्चे के क्षमताओं की पहचान होनी चाहिए ताकि बच्चे को निरंतर प्रोत्साहन मिलता रहे एवं उनका आत्मविश्वास बढ़े। शैक्षिक कार्यशाला में विद्यालय के चेयरमेन डॉ अजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर एस के जनास्वामी, प्रिंसिपल जीआर मधुलिका, रिटायर्ड एयरफोर्स वारंट मास्टर विपिन चंद्र एवं विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।



## कार्नर न्यूज

### नवीन कानून जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन

# समय के परिवर्तन के साथ कानूनों में भी परिवर्तन लाना आवश्यकः स्वाति

अनुशासन या कानून का पालन करना कई बार असहज हो सकता है पर अंतत: यह हमें सफलता की ओर ही लेकर जाता है। व्यक्ति के जीवन में नियम एवं कानून का बहुत अधिक महत्व होता है। कानून हमें मर्यादित बनाते हैं, जब एक नदी भी अपनी मर्यादित सीमा के अंदर रहती है तब वह पूजनीय होती है परंतु उस सीमा से बाहर आ जाती है, वह बाढ़ के रूप में तबाही मचाती है।



**बिलासपुर।** उक्त वक्तव्य लखीराम अग्रवाल स्मृति सभागार में आयोजित नए कानून पर जागरूकता कार्यशाला में राजयोग भवन मुख्य सेवाकेन्द्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कही। दीदी ने कानून का महत्व बताते हुए कहा कि कानून हमारी रक्षा करते हैं इसलिए हमें सहजता से इसका पालन करना आवश्यक है। कानूनों का पालन कर हम स्वयं को और समाज को सुरक्षा प्रदान करते है। समय के परिवर्तन के साथ कानूनों में भी परिवर्तन लाना आवश्यक है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने नए कानून का महत्व विस्तार से बताया। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा सामाजिक बुराइयों एवं अपराधों के विरुद्ध जागृति लाने के लिए चलाए जा रहे अभियान चेतना अतुलनीय बिलासपुर, सुरक्षित बिलासपुर के अंतर्गत यातायात की पाठशाला में शहर के मध्य सत्यम चौक में ब्रह्माकुमारीज़ राजयोग भवन के द्वारा लगातार 17 दिनों तक नगरवासियों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक कराया गया। बिलासपुर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ प्रतिदिन मंच साझा किया गया। इसी तारतम्य में गुरुवार को लखीराम ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में लायंस क्लब एम्बेसडर बीके कमल भाई, बीके हेमंत भाई, बीके विनोद भाई ने पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात नीरज चंद्राकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा, सीएसपी सिटी कोतवाली पूजा कुमार, टिकरापारा सेवाकेंद्र संचालिका बीके मंजू बहन, अरुण सिंह चौहान, डॉक्टर विनोद तिवारी, डॉक्टर अखिलेश देवरस, एसडीएम पीयूष तिवारी, एसडीएम बजरंग साहू, विभिन्न प्रशासनिक अधिकारीयों के साथ विभिन्न सामाजिक संगठन के लोगो को शैश चेतना पट्टिका को पहनाया।



## खबर संक्षेप

### परिवार व्यवस्था की शक्ति पर कल कार्यक्रम

**बिलासपुर।** श्री सुदर्शन प्रेरणा मंच के तत्वावधान में शनिवार को कृषि महाविद्यालय में भारतीय परिवार व्यवस्था की शक्ति विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शाम 5 बजे से होगा। जिसमें मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर रहेंगे। इसमें उप मुख्यमंत्री अरुण साव विशेष रूप से शामिल होंगे। इस संबंध में संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें प्रफुल्ल शर्मा ने अब तक हुई तैयारियों से सबको अवगत कराया। श्री शर्मा ने कहा की हमारे देश में विद्यमान परिवार व्यवस्था की विश्व में एक पहचान है, यह भारत की बड़ी शक्ति है किंतु बदलते सामाजिक परिवेश में भारतीय परिवार व्यवस्था में भी बिखराव दिख रहा है। परिवार व्यवस्था को संरक्षित और पल्लवित करने की चिंता हम सबकी है। समिति की बैठक में डा. ललित मखीजा, संदीप गुप्ता, उचित सूद, राजीव अग्रवाल, सौमित्र गुप्ता, शुभम जयसवाल, सुशांत द्विवेदी, हेमांशु कौशिक, शुभम पाठक, इंदीवर आदि मौजूद थे।

### सड़क हादसे में घायल युवक रायपुर रिफर

**बिलासपुर।** सुबह ड्यूटी जा रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को सिम्स में इलाज के बाद रायपुर रिफर कर दिया गया है। रिटायर्ड प्रधान आरक्षक रामगोपाल तिवारी ने बताया, उनका भांजा सरजू बगीचा निवासी विवेक दुबे पिता सोहन दुबे 27 साल गुरूवार की सुबह 7.30 बजे घर से सिरगिट्टी ड्यूटी जाने से बाइक से निकला था। सुबह 8 बजे बिलासा गर्ल्स हास्टल के पास अज्ञात वाहन के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। मार्निंगवाक पर निकले लोगों ने उन्हें गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया और परिजन को दुर्घटना की जानकारी दी। परिजन सिम्स पहुंचे तो विवेक दुबे बेहोश था। उनकी स्थिति को देखते हुए सिम्स से रायपुर रिफर कर दिया गया।

### लापता नाबालिग तेलंगाना से बरामद

**बिलासपुर।** सिविल लाइन पुलिस ने तेलंगाना के घोर नक्सल क्षेत्र में दबिश देकर लापता नाबालिग को बरामद कर लिया है। उसे भगाने वाले दो युवकों को भी पुलिस पकड़कर ले आई है। सिविल लाइन थाना प्रभारी भावेश सेंडे ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लापता हो गई थी। 27 मई 2024 को उनके घरवालों ने थाने में रिपोर्ट लिखाई थी। उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 363 के तहत जुर्म दर्ज कर नाबालिग की पतासाजी की जा रही थी। साइबर सेल से तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किया गया। उसके बाद प्रभारी श्री सेंडे के निर्देश पर एएसआई राजेशधर दीवान, आरक्षक सोनू पाल, प्रीति वर्मा ने लोकेशन के आधार पर तेलंगाना के घोर नक्सल क्षेत्र में दबिश देकर लापता नाबालिग को सुरक्षित बरामद कर लिया है। पूछताछ में लड़की ने बताया, सकरी अटल आवास निवासी शैलेष टण्डन उसे बहला फुसलाकर शादी करने का झांसा देकर अपने साथी शनि बघेल के साथ भगाकर तेलंगाना ले गया था। वहां तीनों रोजी मजदूरी का काम कर रहे थे। पुलिस टीम नाबालिग लड़की व दोनों युवकों को पकड़कर शहर लौट गई है। नाबालिग लड़की से पूछताछ कर अग्रिम कार्रवाई करने में लगी हुई है।

# खुले पड़े फ्यूज बॉक्स, जमीन तक लटकते बिजली के तार, बारिश में करंट का खतरा

**बिलासपुर।** शहर के अधिकतर ट्रांसफार्मर के नीचे लगे फ्यूज बॉक्स खुले पड़े हैं। ये फ्यूज बॉक्स इतने नीचे लगे रहते हैं कि बच्चे और मवेशी आसानी से इनके संपर्क में आ सकते हैं। वही बारिश के दौरान फ्यूज बॉक्स की खुली तारों में करंट फैलने और शॉर्ट सर्किट का खतरा रहता है।

सुरक्षा के लिहाज से फ्यूज बॉक्स के आसपास के हिस्से को कवर्ड तक नहीं किया गया है। बिजली कंपनी मेंटेनेंस करने का दावा जरूर करती है लेकिन ओर ध्यान नहीं देती। शहर के कई क्षेत्र में ट्रांसफार्मर के नीचे लगे फ्यूज बॉक्स खुले पड़े हैं। लिंक रोड, तेलीपारा, पुराना बस स्टैंड, गोलबाजार, सरकंड़ा, नूतन चौक, शांति नगर, कुदूदण्ड, बृहस्पति बाजार, मगरपारा चौक में फ्यूज बॉक्स इतने नीचे लगे हैं कि कोई बच्चा भी आराम से हाथ लगा सकता है। कई जगहों पर फ्यूज बॉक्स में लगा बोर्ड नीचे गिरा पड़ा है। ढक्कन तक गायब है। ऐसे में कोई भी इसकी चपेट में आ सकता है।

**कंपनी नहीं दे रही ध्यान**

## कई जगहों पर फ्यूज बॉक्स इतने नीचे के बच्चे भी आसानी से छू लें

लिंक रोड



तेलीपारा



गोलबाजार



पुराना बस स्टैंड



### मेंटनेंस के नाम पर सिर्फ पेड़ों की कटाई-छंटाई

बिजली कंपनी प्री-मानसून मेंटेनेंस के नाम पर सिर्फ पेड़ों की कटाई-छंटाई कर देती है, लेकिन लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर कभी फ्यूज बॉक्स में गेट नहीं लगाती है या उसके आसपास का हिस्सा कवर्ड नहीं करती है। कई जगह फ्यूज बॉक्स के आसपास कचरा जमा हो गया है, जो बताता है कि यहां महीनों से कुछ नहीं हुआ है।

### गर्म होने पर जक्शन बॉक्स खुला रखते हैं

कुछ माह पहले अलग-अलग लोकेशन में जक्शन बाक्स बदला गया था। बार-बार फाल्ट होने और जक्शन बाक्स के गर्म होने के कारण उसे खोल कर रख दिया जाता है, लेकिन बाकी समय में उसे बंद करना होता है। जहां भी खुले बाक्स होंगे, उन्हें सुधार लिया जाएगा।

-**पीवीएस राजकुमार**, ईई, विद्युत विभाग

### शनिचरी सबस्टेशन में फाल्ट, गुल रही बिजली

शनिचरी सबस्टेशन में खराबी के चलते बिजली की आंखमिचौली जारी रही। इस दौरान सुबह से शाम तक कई घंटे बिजली बंद रही। बार बार बिजली बंद होने से ग्राहकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तिफरा और सिरगिट्टी क्षेत्र में केबल जलने के कारण बिजली गुल रही। इस दौरान मरम्मत में देरी होने के कारण उमस और गर्मी से परेशान होना पड़ा। शाम 7बजे से तिफरा क्षेत्र में तार टूटने और जम्पर कटने के कारण बिजली बंद हो गई। इस दौरान कर्मचारियों को फाल्ट सुधारने में काफी समय लग गया, जिसके चलते क्षेत्र में 3 घंटे बाद रात 10 सप्लाई शुरू हो सकी।

**अव्यवस्था:** बारिश में खराब होने का डर, पुराने कैप कवर से धान को गिला होने से बचाने का प्रयास

# 72 घंटे में उठाने का नियम, पांच महीने बाद भी 42 समितियों में 14 करोड़ का धान जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बाद उसे 72 घंटे के भीतर उठाव करने का नियम है। खरीदी की तिथि समाप्त हुए 5 माह बीत गए लेकिन अभी भी 42 समितियों के फड में खुले आसमान के नीचे 45 हजार क्विंटल धान जाम पड़ा है। सरकार की घोषणा के अनुसार इस धान को 3100 रूपए प्रति क्विंटल में खरीदा गया है। ऐसे में इसकी लगात लगभग 14 करोड़ हो रही है।

जिला विपणन विभाग के आंकड़ों की मानें तो इस बार जिले की 146 समितियों में 1 नवंबर से समर्थन मूल्य पर खरीफ की फसल खरीदी शुरू हुई थी। 31 जनवरी तक इसे खरीदना था। लेकिन किसानों की मांग पर शासन ने खरीदी की तारीख 4 फरवरी तक बढ़ा दी। ऐसे में प्रदेश में 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई। शासन ने खरीदी के दौरान दावा किया था कि 72 घंटे के भीतर मिलर्स को डीओ काटकर देने के बाद सीधे समिति से धान का उठाव किया जाएगा लेकिन खरीदी की तारीख खत्म हुए अब पांच माह होने को है लेकिन अभी भी जिले की समितियों में 45 हजार क्विंटल धान उठाव के लिए शेष है। ऐसे में अब बारिश के सीजन में धान खराब होने का खतरा बढ़ गया है। समिति प्रबंधन अब इसे बचाने के लिए पुराने कैप-कवर से ढ़क दिए है।



महमंद स्थित खरीदी केंद्र में धान को भीगने से बचाने फटी हुई पॉलिथिन से ढंका गया।

### 104 समिति में ही हुआ उठाव

जिला विपणन विभाग की माने तो इस साल जिले की 146 समितियों में से 104 में जीरो वेस्टेज के साथ उठाव पूर्ण कर लिया गया है। लेकिन अभी भी 42 समितियों में धान जाम है। मिलर्स इन समितियां से अब तक धान नहीं उठा रहे हैं। ऐसे में सूखत और धान खराब होने से इसकी भरपाई समिति प्रबंधन को करनी पड़ेगी। सूखत के नाम पर भी इन समितियों से अफसर लाखों रूपए की वसूली कर रहे हैं।

### दो-तीन दिन में होगा पूरा उठाव

जिले में इस बार 20 लाख क्विंटल ज्यादा धान खरीदा गया है। 146 में से 104 समितियों में जीरो वेस्टेज के साथ धान का उठाव हो गया है। 42 समितियों में 4500 मीट्रिक टन धान बचा है, ये भी दो-तीन दिनों में उठा लिया जाएगा।

– **एसके गुप्ता**, जिला विपणन अधिकारी बिलासपुर।

**जमीन को लेकर हुआ था विवाद**

# वृद्ध ने बेटे के साथ टंगिया से की छोटे भाई की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/सीपत

जमीन विवाद को लेकर 73 साल के वृद्ध ने बेटे के साथ मिलकर खेत में काम कर रहे अपने छोटे भाई की टंगिया, डंडा से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने हमलावर पिता व पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। सीपत थाना के एएसआई शिव सिंह बक्साल ने बताया कि मनोहर अंगारे पिता स्व. काशीराम अंगारे का बड़े भाई नवल किशोर अंगारे के साथ लंबे समय से जमीन विवाद चल रहा था।

■ पुलिस ने आरोपी पिता और पुत्र को गिरफ्तार कर लिया

रोज की तरह गुरूवार की सुबह मनोहर अपने खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान दोनों भाइयों के खेत के बीच में बने मेढ़ को लेकर विवाद हो गया। इसी दौरान नवल किशोर का बेटा रामेश्वर अंगारे वहां आ गया। पिता पुत्र दोनों ने मिलकर मनोहर पर टंगिया व डंडा से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से मनोहर बेहोश हो गया। पास के खेत में ट्रेक्टर चलाने वाले ने मनोहर के घरवालों को मारपीट की सूचना दी। परिजन खेत में गए तो मनोहर खून से लथपथ बदहवाश मिला।



हमलवार पिता-पुत्र।

उसे इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया, जहां डाक्टर ने जांच कर बताया कि अंदरूनी खून का बहाव अधिक हो रहा है। ऐसे में उसे रायपुर ले जाने की सलाह दी। उसके बाद परिजन निजी हास्पिटल लेकर गए, जहां डाक्टर ने जांच के बाद मनोहर को मृत घोषित कर दिया। हत्या की खबर लगते ही पुलिस गांव में पहुंचकर परिजन से पूछताछ करने के बाद हमलावर पिता पुत्र को हिरासत में ले लिया। पुलिस मामले में पूछताछ कर रही है।

### हत्या का मामला दर्ज

जमीन विवाद को लेकर बड़े भाई ने बेटे के साथ मिलकर छोटे भाई की हत्या कर दी है। हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**-अर्चना झा**
एडीशनल एसपी ग्रामीण

# वार्ड परिसीमन का कांग्रेस ने किया विरोध, लोकसभा-विधानसभा की तरह निश्चित अवधि में कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांग्रेस ने वार्ड परिसीमन का विरोध करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन होते ही भाजपा अपनी सुविधा के अनुसार परिसीमन करने जा रही है। इससे वार्ड और महापौर के आरक्षण रोस्टर में परिवर्तन होगा और नए सिरे से आरक्षण की स्थिति मानी जाएगी। इससे सबसे ज्यादा हानि आरक्षित वर्ग को होगी। क्षेत्र बदल जाएंगे और उस कार्य में जनता का पैसा खर्च होगा। कांग्रेस ने मांग की है कि लोकसभा और विधानसभा की तरह वार्ड परिसीमन की निश्चित अवधि होनी चाहिए, नहीं तो सत्ता बदलते ही वार्ड परिसीमन होते रहेंगे और जनता परेशान होती रहेगी।

■ रोस्टर में परिवर्तन होगा और नए सिरे से आरक्षण की स्थिति मानी जाएगी

जिला कांग्रेस कमेटी (शहर/ग्रामीण) द्वारा 20 जून को कांग्रेस भवन में वार्ड परिसीमन को लेकर चर्चा हुई। इसमें शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि 2018 में छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों का परिसीमन किया गया था। इसमें बिलासपुर नगर निगम में 18 गांव को शामिल करते हुए कुल वार्ड 70 किया गया था। सभी वार्डों के नाम सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक रूप से ख्याति प्राप्त महापुरुषों के नाम पर रखा गया जिनकी समाज को आगे बढ़ाने में भूमिका रही है। अब नए सिरे से फिर से परिसीमन करना गलत है।



गुरुवार को कांग्रेस भवन में वार्ड परिसीमन को लेकर चर्चा करते कांग्रेस के पदाधिकारी।

### द्वेष से किए जाने वाले परिसीमन मंजूर नहीं

जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि परिसीमन का हम इस सूरत पर समर्थन करेंगे कि नगर निगम के सभी वॉर्डों का परिसीमन के दौरान जनसंख्या को बराबर भागों में बाँटा जाए और भौगोलिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए ज़रूरत पड़ने पर बूथ की संख्या बढ़ाई जाए, जिससे मतदाता आसानी से अपने नागरिक अधिकार का उपयोग कर सके। रणनीतिक द्वेष से किया जाने वाला परिसीमन कांग्रेस को मंजूर नहीं।

### परिसीमन को रोकने तैयार रहें कांग्रेसी

महापौर रामशरण यादव ने कहा कि भाजपा उन वार्डों को डिस्टर्ब करने का प्रयास करेगी जहां भाजपा का खाता नहीं खुला। मतदाता सूची के साथ अभी से कांग्रेसजन वार्डों का अध्ययन करें ताकि बेमेल परिसीमन को रोका जा सके। वार्ड पार्षद /पार्षद प्रत्याशी परिसीमन के लिए नियुक्त अधिकारियों से मिलें और परिसीमन के समय उपस्थित रहें।महापौर ने कहा कि सरकार परिसीमन का आधार मतदाता संख्या और क्षेत्रफल बना कर रही है, पर बिलासपुर नगर निगम का विस्तार और भगौलिक दृष्टिकोण से सम्भव नही लगता फिर भी कांग्रेसी उनसे मिलेंगे और अपना पक्ष रखेंगे। विधायक दिलीप लहरिया,पूर्व विधायक श्रीमती रश्मि सिंह, शैलेष पांडेय,सियाराम कौशिक, सभापति शेख नजीरुद्दीन, राजेन्द्र शुक्ला,राजेश पांडेय, राकेश शर्मा, नरेंद्र बोलर ने भी अपना विचार रखा।

# ट्रांसपोर्टर का अपहरण कर लूट: फरार दो आरोपियों ने कोर्ट में किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चार महीने पहले ट्रांसपोर्टर को अगवाकर 35 हजार रुपए लूटने वालों को पुलिस तो नहीं पकड़ पाई, जबकि मामले के दो आरोपियों ने गुरूवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। पुलिस दोनों आरोपियों को 1 दिन की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करने में लगी हुई है।

■ आरोपी 1 दिन की पुलिस रिमांड पर

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 15 फरवरी को सरजूबगीचा निवासी ट्रांसपोर्टर राकेश सिंह को गाड़ी खरीदने का झांसा देकर बड़ी कोनी निवासी गुंडा बदमाश सौरभ सिंह ठाकुर, अरियंत मिश्रा व अन्य युवक ने व्यापार विहार मिलने के लिए बुलाए। राकेश सिंह व्यापार विहार पहुंचे तो उनके साथ पूर्व में जिनसे गाड़ी खरीदी थी तखतपुर निवासी जय प्रकाश बघेल को गाड़ी में बैठाकर रखे थे। उन्होंने राकेश सिंह को गाड़ी का पैसा देने की बात कहकर अपनी गाड़ी में बैठाकर कोनी एक मैदान में ले गए। उसके बाद राकेश सिंह व जय प्रकाश बघेल के साथ मारपीट करने लगे। युवकों ने राकेश सिंह पर दबाव बनाकर उनके मोबाइल से आनलाइन 35 हजार रुपए ट्रांसफर कराया। किसी तरह राकेश सिंह उनकी कार से कूदकर भाग निकले। जय प्रकाश बघेल को रात भर गाड़ी में घुमाने के बाद आरोपियों ने उन्हें कोनी क्षेत्र में छोड़ दिया।




गिरफ्तार आरोपी।

सिविल लाइन थाने में राकेश सिंह की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 180 / 24 धारा 394,347 के तहत हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया था। चार माह में कोनी पुलिस नामजद आरोपियों को नहीं पकड़ पाई। आखिरकार गुरूवार को फरार आरोपी सौरभ सिंह ठाकुर, अरियंत मिश्रा ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

सिविल लाइन थाना प्रभारी भावेश सेंडे ने बताया, दोनों आरोपियों को 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। उनसे घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### झाड़फूंक के बहाने युवती से अनाचार, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** झाड़ फूंक के बहाने युवती से अनाचार करने वाले तीन बच्चों के पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हिर्री टीआई किशोर केंवट ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की तबीयत खराब हो गई थी। इलाज के बाद स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे झाड़ फूंक कराने के लिए बोड़सरा राजेश पोर्ते के घर लेकर गए थे। झाड़ फूंक करने का झांसा देकर राजेश पोर्ते ने परिजन को घर के बाहर कर दिया और जोर जबरदस्ती कर युवती के साथ अनाचार किया। पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजन को दी। उसके बाद युवती ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 376, 506 के तहत राजेश पोर्ते को गिरफ्तार कर लिया है।



# प्रसूता की मौत, परिजन ने मचाया हंगामा

**बिलासपुर।** सिम्स में प्रसूता की मौत के बाद परिजन ने जमकर हंगामा मचाया। परिजन का आरोप है कि प्रसूता के इलाज में प्रबंधन की ओर से लापरवाही बरती गई है, जिसके चलते मौत हुई है। बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले ही प्रसूता ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया था और तब तक उसकी तबीयत ठीक थी। शुक्रवार को परिजन सुबह पहुंचे, जिसके बाद प्रसूता की मौत की खबर उन्हें दी गई।

जानकारी के अनुसार विजयापुरम निवासी सरस्वती पोर्ते पिता लक्ष्मण पोर्ते सिम्स के प्रसूता वार्ड में भर्ती थी। तीन दिन पहले नार्मल डिलीवरी के बाद उसे भर्ती कराया गया था। इस दौरान उसकी तबीयत ठीक थी। लेकिन गुरूवार को उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई और उसे आपरेशन थिएटर ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। परिजन का आरोप है कि प्रबंधन के गलत इलाज के कारण ही प्रसूता की मौत हुई है। इसे लेकर परिजन सिम्स में 4 घंटे तक हंगामा मचाते रहे। इस मामले में अधीक्षक डॉ सुजीत नायक का कहना है कि उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं है।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152



20-JUN-REGNOL-MAIN-pg-4-ALTOR_Layout 1 6/21/2024 12:09 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### मृत पशुओं का उठाव व्यवस्थित करने विहिप, बजरंग दल की संयुक्त बैठक



**करगी रोड कोटा।** कोटा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 1 से 15 तक में मृत पशुओं के उठाव हेतु नगर से बाहर व्यवस्थित करने बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद की संयुक्त बैठक आरक्षी केन्द्र में रखी गई। बैठक में बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद द्वारा मृत पशुओं को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी ली गई है। नगर पंचायत, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद से समन्वय स्थापित करेंगे। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व युगल किशोर उर्वशा, तहसीलदार प्रांजल मिश्रा, सीएमओ सुखनंदन खूंटे, एसएचओ, संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हैप्पीनेस व उत्कर्ष योग कार्यक्रम का समापन



**करगीरोड कोटा।** अग्रसेन भवन में चल रहे 6 दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस व उत्कर्ष योगा कार्यक्रम का समापन हो गया। आर्ट ऑफ लिविंग बिलासपुर से धनेंद्र रोहरा, प्रीतपाल हैप्पीनेस प्रोग्रामर में सभी प्रतिभागियों को श्वास के माध्यम से जीवन जीने की कला व ध्यान करने की महत्वपूर्ण तरीकों के बारे में बताया। साथ ही तनाव रहित जीवन जीने व मन को प्रतिकूल परिस्थिति में शांत रखने, परोपकार कर जीवन में आने वाली खुशियों के विषय में बताया। व्यक्ति के जीवन में ध्यान, योग के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में 8-12 वर्ष के बच्चों के लिए चल रहे उत्कर्ष योगा टीचर श्रीमती शालिनी साहू ने खेल- खेल में उन्हें जिम्मेदारियों व कर्तव्यों का बोध कराया। पांचवें दिन संध्याकालीन सत्संग में पुरुष, महिला, बच्चे सहित हैप्पीनेस प्रोग्रामर विकास साहू, हेमंत साहू, विशेष मंत्रित तेजपाल उपस्थित थे। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार कोटा के सदस्य चंद्रशेखर गुप्ता, विश्वनाथ गुप्ता ने बताया कि वे प्रतिवर्ष नगर में 2 बार हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन करते हैं। ताकि अपनी सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए भी तनावमुक्त जीवन जी सके। अंत में प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

### बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**मुंगेली।** ग्राम चमारी व पंडरभट्ठा में बिजली की समस्या को लेकर युवा कांग्रेस महासचिव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपा व शीघ्र ही समस्या का निराकरण करने की मांग की। युवा कांग्रेस महासचिव अजय साहू ने बताया कि ग्राम पंडरभट्ठा के वार्ड क्रमांक 8 में वोल्टेज कम होने से लोगो को समस्या से गुजरना पड़ रहा हैं यह समस्या 8-10 दिनों से निरंतर बना हुआ है जिसके कारण ग्रामवासियों को पेजयल के की समस्या हो रही है। अजय साहू ने बताया कि जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से लगातार बिजली कटौती हो रही है जिसको लेकर तत्काल निराकरण करने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को ज्ञान सौंपा जल्द कार्य पूरा नहीं करने की मांग की गई हैं मांग पुरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी हैं। ज्ञापन सौंपाने वालो में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस महासचिव अजय साहू, राजू साहू, भग्गू, धनेश, जलेश्वर, फत्तेराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पं. सप्रे ने सामाजिक कार्यों के लिए फैलाई जनचेतना



**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ को अपनी कर्मभूमि मानकर पेंड्रा से हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत करने वाले पत्रकारिता के जनक स्व. पंडित माधव राव सप्रे की 153 वीं जयंती मनाई गई। गौरेला पेंड्रा मरवाही के पत्रकारों ने पत्रकारिता और समाजसेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया। सप्रे जी पेंड्रा के राजमहल में राजकुमारों को इंग्लिश की शिक्षा देने आए थे। उन्होंने बाद में पेंड्रा को अपनी कर्मभूमि मानकर पेंड्रा से छतीसगढ़ मित्र पत्रिका का प्रकाशन सन 1902 में किया था। उन्होंने साहित्यिक गतिविधियों के द्वारा सामाजिक कार्यों के लिए जनचेतना फैलाई। वर्ष 2021 में तत्कालीन सरकार के द्वारा पेंड्रा में माधवराव सप्रे की स्मृतियों को सहेजते हुए माधव राव सप्रे प्रेस क्लब सह लाइब्रेरी भवन की स्थापना की गई थी। आज इस भवन में सैकड़ों की संख्या में आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के छात्र लाइब्रेरी की सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। 153वीं जयंती पर क्षेत्र के पत्रकारों और छात्रों ने माधवराव सप्रे जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पत्रकारों और छात्रों के द्वारा स्वच्छता अभियान भी चलाया।

### भाजपा जीपीएम जिला कार्यसमिति की बैठक

**गौरेला।** भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें भाजपा प्रदेश संगठन के द्वारा 21 जून से 6 जुलाई तक कई आयोजन किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसमें योग दिवस 21 जून, डॉ. मुखर्जी स्मृति दिवस 23 जून से 6 जुलाई एक पेड़ मां के नाम, 25 जून आपातकाल के काले दिन, नगरीय निकाय परिसीमन, मतदाता अभिनंदन, लोकसभा चुनाव का विश्लेषण, मन की बात 30 जून, संगठन पर्व सदस्यता, सक्रीय सदस्यता, बूथ का गठन, मंडल, जिला एवं प्रदेश का गठन होना है। बैठक में जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह राठौर ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक का संचालन महामंत्री राकेश चतुर्वेदी, आभार लालजी यादव ने किया। इस अवसर पर बृजलाल सिंह राठौर, नीरज जैन, दिलीप यादव, राकेश दीक्षित, दयाचंद पोर्ते, तापस शर्मा, संदीप जयसवाल, प्रवीण राय, किशन सिंह, लूषण राठौर, शंकर चक्रधारी, रमेश तिवारी, छोटेलाल सोनी, राजकुमार रोहणी, दीपक शर्मा, गणेश कुशराम, शिव शर्मा, अजय तिवारी, अनिल अहिरवार, सिद्धार्थ दुबे, संजय पाल, राधेश्याम जयसवाल, चंद्रप्रकाश कौशिक, आदित्य गुप्ता सहित बड़ी संख्या कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## केंद्रीय मंत्री साहू के मुंगेली नगर आगमन पर ढोल ताशे के साथ किया गया स्वागत

# छोटे कार्यकर्ता का केंद्रीय मंत्री बन जाना भाजपा में ही संभवः तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के नगर आगमन पर जगह-जगह आतिशबाजी व पुष्प वर्षा कर ढोल ताशे के साथ स्वागत किया गया। पड़ाव चैक में आयोजित सभा में तोखन साहू ने कहा कि मुझे मुंगेली ने पंच से लेकर सबसे बड़े पंचायत संसद तक पहुंचाया है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक पुन्नूलाल मोहले उपस्थित रहे।

**खास बात**
- डिप्टी सीएम साव विधायक मोहले रहे उपस्थित

महाराणा प्रताप चौक पड़ाव में भाजपा द्वारा आयोजित सभा में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि ग्राम डिंडौरी में निवास है तथा मुंगेली नगर में पढ़ाई हुई है। आप सभी जनता, कार्यकर्ताओं की मेहनत, बड़े नेताओं के मार्गदर्शन से मैं पंच से लेकर अब सबसे बड़े पंचायत संसद भवन पहुंच सका। आप सभी के आशीर्वाद से पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने सरकार में राज्यमंत्री का दायित्व दिया। मुझे वही विभाग दिया गया है जिस विभाग के मंत्री प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव हैं। एक छोटे कार्यकर्ता का केंद्रीय मंत्री बन जाना भाजपा में ही संभव है। पूरे जिले व प्रदेश के विकास के लिए हम सभी मिलकर कार्य करेंगे। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास, हमारी पार्टी का मूलमंत्र है।




कार्यक्रम को संबोधित करते केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू।

**बैठे रहे ग्रामीण और कार्यकर्ता:** केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के उद्बोधन के दौरान अचानक बारिश होने लगी। किंतु बारिश में भीगते हुए भी उन्होंने उद्बोधन जारी रखा। दूसरी ओर सामने बैठे ग्रामीण व कार्यकर्ता भी भीगते हुए बैठे रहे और मंत्री को सुनते रहे।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि मुंगेली, लोरमी की जनता, कार्यकर्ताओं ने भाजपा को जिताने काफी परिश्रम किया है। जिसका परिणाम है कि यहां से केंद्रीय मंत्री व उप मुख्यमंत्री बन सके हैं।

विधायक बन सके हैं। उन्होंने सभी का आभार जताया। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि मुंगेली सांसद पैदा करने वाली उर्वर धरती है। यहां से स्व निरंजन केशरवानी, खेलन राम जांगड़े, प्रभात मिश्रा, 4 बार पुन्नूलाल मोहले, लखनलाल साहू, अरुण साव और अब तोखन साहू सांसद बन मंत्री भी बन गए हैं। प्रदेश व देश में हमारे जिले से मंत्री होने से अब विकास साय साय होगा। इससे पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक व नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष राणाप्रताप सिंह ने स्वागत भाषण से संबोधित किया। संचालन सुनील पाठक, आभार सेतगंगा मण्डल अध्यक्ष सोम वैष्णव ने किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद लखनलाल साहू, दुर्गा उमाशंकर साहू, कौशिल्या मनोज साहू, गोलू शर्मा, पवन पाण्डेय, शिवकुमार बंजारा, शैलेन्द्र तिवारी, राज साहू, रेखचंद केसर, विजय साहू, इंद्रजीत कोशले, अनुराग सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लोरमी में बरसते पानी में जुटे रहे कार्यकर्ता, मंत्री बोले- मैं आत्मविभोर

**लोरमी।** नवनिर्वाचित सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के प्रथम नगर आगमन पर क्षेत्र में जगह-जगह स्वागत किया गया। तोखन साहू का पैदल ही बरसते पानी में नगर के कुंदरा पारा मोहल्ले, गुरुद्वारा चौक से नया बसस्टेंड से होकर फव्वारा चौक, मुंगेली चौक पुराना, बस स्टैंड होकर मानस मंच तक पहुंचे। जहां श्रीराम दरबार में रामजी की आरती में शामिल हुए।

तोखन साहू ने कहा मेरे लिए आज का दिन यादगार पल है। आप लोगों ने बारिश में भीगते हुए स्वागत किए इसके लिए मैं आत्मविभोर हूं। लोरमी मेरा जन्म स्थल है और कर्म स्थल भी है। आजादी के बाद बिलासपुर लोकसभा से पहली बार कोई संसद केंद्रीय मंत्री के रूप नेतृत्व करने का मौका मिलेगा। क्षेत्रीय विधायक अरुण साव ने कहा कि क्षेत्र के लाइका पंच सरपंच से राजनीति शुरुआत करने वाले नवनिर्वाचित सांसद, केंद्रीय राज्यमंत्री बनने के बाद नगर में पहली बार आगमन पर आप लोगों ने बरसते पानी अपना लाड़ दुलार दिखाया। इसके लिए सभी का आभार। तोखन साहू का ग्राम मनोहरपुर, चंदली, महाराणा स्कूल झाफल, नगर पंचायत लोरमी, महिला मोर्चा के पदाधिकारियों, देवरहट, गोंड खाम्ही, लोरमी मंडल के पदाधिकारियों, प्रेस क्लब, फब्बारा चौक,अशोक साहू, सहित नगर के प्रमुख चौक में स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन मण्डल अध्यक्ष दिनेश साहू ने किया। कार्यक्रम में तखतपुर विधयक डॉ.धर्मजीत सिंह, मुंगेली विधायक पुन्नू लाल मोहले, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, लखन साहू, शैलेश पाठक, वर्षा विक्रम सिंह, अंकिता शुक्ला, रानू केशरवानी, अंजना दास , विनय साहू, दिनेश साहू, धनी राम यादव, विक्रम सिंह, गुरमीत सलूजा, रवि शर्मा, महाजन जायसवाल, प्रदीप मिश्रा , साहूकार साहू, गणेश साहू, धनेंद्र राजपूत, विनोद राजपूत ,धनेश साहू, विश्वास दुबे, सुशील यादव , राजेंद्र साहू , सोहन डडसेना, ओंकार खत्री, राकेश छाबड़ा, अविश यादव , देवेंद्र विश्वकर्मा, राहुल साहू, तितरा राजपूत, उत्तम साहू, राजेन्द्र साहू, घनश्याम खत्री प्रेस क्लब अध्यक्ष सतीश मिश्रा, नूतन गुप्ता, प्रशान्त शर्मा, कृष सोनी, मनोज शर्मा, प्रीतम दिवाकर, साजिद खान, जितेंद्र पाठक, सन्दीप सिंह, नन्दकुमार यादव, राहुल यादव ,जतीन सलुजा, प्रमोद जायसवाल ,विपिन शर्मा, निशु कश्यप, विशाल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



लोरमी में महामाला से स्वागत करते समर्थक।

## संस्था प्रबंधक समेत तीन पर गबन अनियमितता का मामला दर्ज

**सेतगंगा/मुंगेली।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित छटन में कार्यरत संस्था प्रबंधक पवन कुमार यादव व धान खरीदी केन्द्र प्रभारी सह कम्प्यूटर आपरेटर चंद्रप्रकाश अंचल के विरूद्ध अनियमितता व गबन की शिकायत पुलिस में की गई है। धारा 420, 409 का अपराध दर्ज कर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

- धान खरीदी केन्द्र प्रभारी व सह कम्प्यूटर आपरेटर पर भी लगे आरोप

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पर्यवेक्षक परदेशी राम कश्यप ने फास्टरपुर थाने में सेवा सहकारी समिति मर्यादित छटन में कार्यरत प्रभारी संस्था प्रबंधक पवन कुमार यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया है। कश्यप ने बताया कि पवन कुमार यादव, चन्द्रप्रकाश अंचल धान खरीदी केन्द्र प्रभारी सह कम्प्यूटर आपरेटर दोनों के खिलाफ निवासी ग्राम परसवारा के द्वारा धान खरीदी विपणन वर्ष 2022-23 में धान खरीदी हेतु 15 लाख 1 हजार 747 रूपए का बारदाना अफरा-तफरी कर गबन कर दिया गया। जिसके लिए प्रभारी संस्था प्रबंधक पवन कुमार यादव, चन्द्र प्रकाश अंचल धान खरीदी केन्द्र प्रभारी सह कम्प्यूटर आपरेटर संयुक्त रूप से दोषी है। पवन कुमार यादव द्वारा खरीफ, रबी वर्ष 2022-23 में 1501010 रूपए का खाद बिक्री कर राशि बैंक में जमा नहीं किया गया। इसी प्रकार से खरीफ वर्ष 2023-24 में खाद की राशि 1792505 रूपए, बीज की राशि 65820 रूपए का गबन कर दिया है। इस प्रकार से वर्ष 2022-23 में बारदाना की राशि 1501747.87 रूपए खरीफ, रबी वर्ष 2022-23 में खाद की राशि 1501010 रूपए , खरीफ वर्ष 2023-24 में खाद की राशि 1792505 तथा बीज की राशि 65820 कुल राशि 4861082.87 रूपए का गबन कर दिया गया है। उक्त कृत्य का जांच भी करवाया गया। जांच में आरोप को प्रमाणित पाया गया। फिर भी आज तक उक्त राशि को पवन कुमार यादव द्वारा बैंक में जमा नहीं कराया जा रहा है।




### एफएलएन को शत प्रतिशत शाला में करें लागूः बीईओ



**पेंड्रा।** विकास खंड पेंड्रा में एफएलएन के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण चल रहा है। जिसमें आज विकास खंड शिक्षा अधिकारी आरएन चंद्रा के द्वारा प्रशिक्षण स्थल आमांडांड और बीआरसी पेंड्रा का दौरा किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण के उद्देश्य, बुनियादी साक्षरता, संख्यात्मक ज्ञान पर प्रकाश डालते हुए इसके सभी आयामों को सीखने और शाला में बच्चों को सिखाने पर फोकस देते हुए निर्देश दिए की एफएलएन को शत प्रतिशत अपने शाला में लागू करना है। भाषा ज्ञान और संख्या ज्ञान के बिना बच्चों का स्तर कम होता है।

## स्वास्थ्य विभाग ने किया सिकलसेल परीक्षण, दी आवश्यक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

सिकलसेल परीक्षण का आयोजन स्वास्थ्य विभाग की ओर से किया गया। जिसमें बीएमओ डां उमेश साहू ने बताया कि सिकलसेल एक ऐसी बीमारी है जिसमें व्यक्ति को सिकलसेल एनीमिया की कमी हो जाती है और शरीर में रक्त का प्रवाह कम हो जाने से दर्द, थकान सहित अन्य बीमारी हो जाती है। और यह सब हम थोड़ी सी जागरूकता से हम इस बीमारी से बच सकते है।

इस बीमारी के प्रमुख लक्षणों में हाथ पैरों में सूजन हो जाता है। दृष्टि संबंधित समस्या, बच्चों में विकास धीमा हो जाता है। चलने फिरने में भी कठिनाई हो जाती है। इसलिए यदि कोई ऐसी लक्षण दिखे तो तत्काल जांच करानी चाहिए और इस बीमारी के लिए हम तत्काल चिकित्सक से संपर्क करें और इससे सलाह लेकर उचित उपचार कराए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से सिकलसेल परीक्षण कर लोगों को इसकी जानकारी दी गई। वार्ड क्रमांक 4 पार्षद एवं नेताप्रतिपक्ष टेकचंद कारड़ा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से यहां पर निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया है। इसलिए हम सभी इसका लाभ उठाए। व्यक्ति को बीमारी रहे या ना रहे व्यक्ति को समय समय पर परीक्षण जरूर कराना चाहिए। इस अवसर पर केशर सिंह, एस आर राम, बसंती ठाकुर, ममता पोर्ते, विवेक निर्मलकर, शांति साहू, नीतू ध्रुव, संगीता यादव, दिव्या कश्यप, मंजू धुरी, सावित्री ठाकुर, मीना ठाकुर, सुनीला महादेवा, सबाना परिवन, शकुन ठाकुर, उत्तरा सोनी, नंदनी देवांगन, गीता देवांगन, कदम देवांगन, द्रोपति टण्डन, सीता ध्रुरी, प्रेममति सेमर, श्यामा पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।



## जिपं सीईओ ने धान उठाव में धीमी गति पर जताई नाराजगी

**मुंगेली।** जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने समितियों में शेष धान के उठाव एवं खरीफ सीजन में किसानों को खाद-बीज की उपलब्धता के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। जिला कलेक्टोरेट में आयोजित बैठक में उन्होंने समितियों से शेष धान के उठाव में धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जाहिर की और शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जो मिलर्स धान उठाव में रुचि नहीं ले रहा है, उसका डीओ निरस्त कर स्थानीय मिलर्स के माध्यम से शेष धान का उठाव कराएं। साथ ही धान उठाव कार्य को गंभीरता से नहीं लेने वाले और शासन को आर्थिक रूप से क्षति पहुंचाने वाले के विरुद्ध कार्यवाही जारी रखें। किसी भी समिति में शॉर्टेज की शिकायत आने पर संबंधित से वसूली की कार्रवाई की जाएगी।



**किसानों को मांग अनुरूप खाद-बीज उपलब्ध कराएं**
जिला पंचायत सीईओ श्री पांडेय ने किसानों को मांग अनुरूप खाद-बीज उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी समिति में कमी की शिकायत नहीं आना चाहिए। पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज का भंडारण सुनिश्चित करें। समिति पहुंचे किसान खाली हाथ वापस नहीं लौटना चाहिए। संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। इस अवसर पर एसडीएम लोरमी गिरधारी लाल यादव, पथरिया एसडीएम बीआर ठाकुर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कृषि उपज मंडी प्रांगण में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को जिला मुख्यालय स्थित आदर्श कृषि उपज मंडी प्रांगण में प्रातः 7 बजे से जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस हेतु कलेक्टर राहुल देव ने अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी।

- कलेक्टर ने सौंपी अधिकारियों को जिम्मेदारी

उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय को नोडल अधिकारी एवं समाज कल्याण विभाग के उप संचालक को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया। कलेक्टर ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, खिलाड़ियों, महाविद्यालयीन प्राध्यापकों एवं विद्यालयीन शिक्षकों-शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास में शामिल होने के लिए कहा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को स्थानीय कृषि उपज मंडी में योग शिक्षकों के द्वारा प्रोटोकाल का सामूहिक प्रदर्शन कराया जाएगा। समिति द्वारा इसके लिए मंगल भवन लोरमी बायपास रोड एवं पुष्प वाटिका स्टेडियम में नियमित अभ्यास एवं प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुन्नूलाल मोहल्ले होंगे।



कलेक्टर ने जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थल पर योगाभ्यास हेतु मैट, गद्दा, बैठक व्यवस्था, स्वल्पाहार एवं पेयजल, माईक व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, चिकित्सकीय टीम एवं एम्बुलेन्स की व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों और योग प्रशिक्षकों के लिए टी-शर्ट आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल मे सम्पूर्ण तैयारी निर्धारित समय पर सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत कर्मचारियों, जेल में बंदियों, होमगार्ड एवं पुलिस के जवानों को भी योगाभ्यास कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

## सिकलेसल के संबंध में लोगों को किया गया जागरूक

**मुंगेली।** विश्व सिकलसेल दिवस पर जिला अस्पताल के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह, सीएमएचओ डॉ. देवेन्द्र पैकरा, सिविल सर्जन डॉ. महेश कुमार राय, जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. रविशंकर देवांगन, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कमलेश खैरवार, डीपीएम गिरीश कुर्रे सहित जिला अस्पताल के डॉक्टर्स अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

इस अवसर पर पीड़ितों को सिकलसेल कार्ड और दवाइयों का वितरण किया। इस कार्ड से उन्हें सिकलसेल रोग का समुचित इलाज और विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा। सिकलसेल रोग के लक्षण होने की स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जांच कराने का आग्रह किया। इस संबंध में अधिक से अधिक प्रचार करने की बात कही। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस बीमारी के लक्षणों के बारे में पता हो। आज विश्व सिकलसेल दिवस 12824 लोगो की स्क्रीनिंग की गई। इसके साथ ही जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में भी विश्व सिकलसेल दिवस मनाया गया। जिसमें सिकलसेल की जांच कर जरूरतमंदो को कार्ड का वितरण किया गया।




सिकलसेल दिवस पर कार्यक्रम में अतिथि।

**जागरूकता रथ रवाना**
विश्व सिकल सेल दिवस पर कलेक्टर राहुल देव ने जिला कलेक्टोरेट परिसर से जागरूकता रथ को रवाना किया। यह रथ गांव-गांव में जाकर लोगों को सिकलसेल के संबंध में जागरूक करेगी। इससे पहले कलेक्टर ने सिकलसेल रोग की पहचान, निदान एवं रोकथाम के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि शासन के निर्देशानुसार जिले में सिकलसेल रोग परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## 13 हितग्राहियों को दिए गए सिकल सेल पहचान कार्ड

**जीपीएम।** विश्व सिकल सेल दिवस पर मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची और कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी की उपस्थिति में जिला चिकित्सालय में सिकल सेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूकता हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति, महिला एवं बाल विकास और आदिवासी विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

- विधायक ने हरी झंडी दिखाकर सिकल सेल उन्मूलन प्रचार वाहन रवाना किया

कार्यक्रम में विधायक प्रणव मरपच्ची ने कहा कि सिकल सेल रोग के लक्षण, जांच एवं उपचार के लिए भारत सरकार के निर्देशानुसार सिकल सेल दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश को सिकल सेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूक करने विडियो कॉन्फ्रेसिंग से जुड़कर लोगों से चर्चा की। विधायक ने सिकल सेल रोग के पहचान, निदान एवं रोकथाम के लिए जन जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर जिला चिकित्सालय परिसर से रवाना किया। कलेक्टर ने कहा कि सिकल सेल की जांच के लिए लोगों को प्रेरित करना है, उन्हे बताना है कि सिकल सेल शरीर के अंगों को प्रभावित करता है। उन्होंने सिकल सेल के रोग के लक्षण बताएं और लक्षण होने की स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क जांच कराने लोगों से आग्रह किया।

